अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# हैंडबॉल के दोनों वर्गों में केपीएस ने नेरा को हरा बाजी मारी

**50** किग्रा भार वर्ग (बालक) जूडो में रजत प्रथम रहे

**36** किग्रा भार वर्ग (बालिका) जूडो में शुभी प्रथम रहीं

- जिला स्तरीय जूनियर हैंडबॉल व जूडो प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला खेल कार्यालय की ओर से कन्नौज पब्लिक स्कूल, कन्नौज मे जिला स्तरीय जूनियर बालक /बालिका हैंडबॉल एवं जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हैंडबाल के दोनों वर्गों में मेजबान टीम ने बाजी मारी। जूडो प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मेजबान स्कूल के प्रबंधक प्रदीप कुमार तिवारी एवं प्रधानाचार्या स्वाति दुबे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें हैंडबॉल बालक वर्ग मे कन्नौज पब्लिक स्कूल ने युवा फिजिकल एकेडमी , नेरा को 12- 0 के बड़े अंतर से हराया। बालिका वर्ग में भी मेजबान टीम युवा फिजिकल एकेडमी,नेरा को 3- 2 के अंतर से हराकर विजेता हुई। जूडो बालक वर्ग मे 36 किलो ग्राम भार में प्रथम, द्वितीय विक्रांत दुबे, सिद्धार्थ, विराट राजपूत एवं ॠतिक तृतीय स्थान पर रहे। 40 किग्रा भार वर्ग में पहले तीन स्थानों पर कृष्णा यादव, समर, मधुराज एवं आयुष (दो लोग तृतीय) रहे। 45 किग्रा भार वर्ग मे पहले दो स्थानों पर विराट गौतम, अवतांश प्रताप रहे। इसी तरह से 50 किग्रा भार वर्ग मे रजत गौतम व शिवम कटियार प्रथम व द्वितीय रहे। 55 किग्रा भार वर्ग मे अदनान, शिवम कटियार, स्माइल जबकि 60 किग्रा भार वर्ग मे शिवम सिंह, श्याम, शिवम कुमार पहले तीन स्थानों पर रहे। 66 किग्रा भार वर्ग मे आर्यन शुक्ला और यश राज जबकि 66+किलो भार वर्ग मे सूर्या व कृष्णा कटियार प्रथम, द्वितीय रहे। (जूडो बालिका वर्ग )36 किलो ग्राम भार वर्ग मे शुभी, अनुष्का, प्राप्ती पहले तीन स्थान पर रहीं।


केपी स्कूल के ग्राउंड पर जूडो कराटे के दांव दिखातीं प्रतिभागी। अमृत विचार

40 किग्रा भार वर्ग में खुशी और रागिनी, 44 किग्राम भार वर्ग मे समृद्धि, माविया, 48 किग्रा भार वर्ग मे सिद्धि, ॠषिका रही, 52 कि ग्रा भार वर्ग मे संजना व हर्षदा पहले दो स्थानों पर रहीं। इसी तरह से 57 किग्रा भार वर्ग में गरिमा सिंह, राज रानी, सोनम प्रताप पहले तीन स्थान पर रहीं। 63 किग्रा भार वर्ग मे सोनम सिंह व हर्षिता तिवारी और 63+किलो ग्राम भार वर्ग मे मान्या सिंह व रक्षिता त्रिपाठी पहले दो स्थान पर रहीं। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि रामवीर कठेरिया भाजपा जिला महामंत्री एवं विशिष्ट अतिथि सागर माहेश्वरी जिला युवा अधिकारी,कन्नौज ने किया। निर्णायक की भूमिका मे मनोज कुमार कुशवाहा हॉकी प्रशिक्षक कन्नौज, बलराम यादव एथलेटिक्स प्रशिक्षक कन्नौज, शिव सेवक शर्मा जूडो सचिव कन्नौज, अंकित शुक्ला, शिवम राजपूत, पुनीत राजपूत, शिवेन्द्र पांडेय, गीत मिश्र,लक्ष्मी एवं अभिषेक दुबे रहे। अंत मे जिला क्रीड़ा अधिकारी नूर हसन ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।

# गूंगी-बहरी युवती से दुष्कर्म में दोषी को उम्रकैद की सजा

- विशेष न्यायाधीश ने 12000 रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट हरेंद्र नाथ ने गूंगी बहरी युवती के साथ दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास तथा 12 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि 28 सितंबर 2023 को एक गांव निवासी युवक ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन जिसकी उम्र 40 साल है के साथ गांव के ही युवक विपिन पुत्र कमलेश ने शाम 7.30 बजे दुष्कर्म किया। बहन गूंगी और बहरी है। बताया गया कि घटना के समय भाई अपनी बहन के लिए खाना लेकर पहुंच गया तो आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़िता ने रोते हुए अपने साथ हुई घटना की जानकारी इशारों में दी। भाई जब आरोपी के घर पहुंचा तो वहां परिजनों ने उसे जान माल की धमकी देकर भगा दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद युवती का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया जिसमें अपराध की पुष्टि हुई। पीड़िता के बयान के आधार पर मारपीट की धाराओं क्रमशः 504, 506 की बढ़ोतरी की गई।

मामले की विवेचना के बाद कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। सुनवाई पूरी होने के पश्चात आरोपी को दोष सिद्ध ठहराते हुए न्यायाधीश ने सजा तथा जुर्माना से दंडित किया। जुर्माना अदा न किए जाने की स्थिति में दोषी को एक साल की सजा और काटनी होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शिव महापुराण के समापन पर हुआ भंडारा

**तिर्वा।** सदर ब्लाक की ग्राम सभा बेहरिन में सर्व शक्ति भक्ति मंडल के तत्वावधान में नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण का आयोजन किया गया। आचार्य जगमोहन त्रिपाठी, बालव्यास विट्ठल त्रिपाठी के मुखारविंद से क्षेत्र के सैकड़ो ग्राम वासियों ने कथा का रसपान किया। मंगलवार को विधिवत हवन पूजन के साथ कथा का समापन किया गया। इसके उपरांत आसपास के ग्रामीणों ने भंडारे में शामिल हो कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संरक्षक रामबाबू राठौर, अध्यक्ष सुभाष राठौर कोषाध्यक्ष अंकित कुशवाहा, ग्राम प्रधान राजेश राठौर, एडवोकेट सरस मिश्रा, मुनेश राठौर, खुशीलाल कुशवाहा, जयचंद राठौर, प्रेम नारायण राठौर सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सहयोग प्रदान किया।

### जल ही जीवन इसका दुरुपयोग न करें

**खड़नी, कन्नौज।** जल हमारे जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है इसलिए हम सबको इसके दुरुपयोग से बचना होगा ।जल से ही हमारा जीवन सुरक्षित है। उक्त बातें सौरिख खंड विकास अधिकारी मनोज पोरवाल ने ग्रामसभा बॉथम के मजरा डिंगरी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकी का शुभारंभ करते हुए कहीं। उन्होंने बताया कि सरकार की हर घर नल से जल योजना को पूरा किया जा रहा है ।इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### जहरीला पदार्थ पीने से युवक की मौत, कोहराम

**छिबरामऊ।** बिशुनगढ़ कस्बे के एक युवक की जहरीले पदार्थ के सेवन के कारण उपचार के दौरान मौत हो गई। बिशुनगढ़ निवासी सतीश शाक्य के पुत्र रवि शाक्य (25) ने करीब 15 दिन पहले पारिवारिक अनबन से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ पी लिया था। परिजनों ने उसे सिकंदरपुर के एक क्लीनिक में भर्ती कराया था जहां सोमवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। मृतक छह भाइयों में दूसरे नंबर का था। युवक की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रसोई गैस के लिए मारामारी नहीं मिल रहा कोई विकल्प

## घर में गैस न होने पर एजेंसी पर सिलेंडर का इंतजार कर रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** गैस सिलेंडर की मारामारी से उपभोक्ता परेशान हैं। घर में गैस समाप्त होने पर एजेंसी पर खाली सिलेंडर लेकर इंतजार करने पर मजबूर हैं। सरायमीरा की एक गैस एजेंसी पर सैकड़ों उपभोक्ता गैस आने की प्रतीक्षा करते दिखे। वहीं एजेंसी मालिक का कहना था कि बुकिंग कराने वालों को सिलेंडर दिये जा रहे हैं।

गैस सिलेंडर की बुकिंग में आ रही दिक्कत व गैस की कमी मंगलवार को सरायमीरा की एक गैस एजेंसी के बाहर देखने को मिली। यहां सुबह से ही उपभोक्ता साइकिल, मोटरसाइकिल व ई-रिक्शा पर गैस का खाली सिलेंडर लाद कर खड़े दिखे। जब इस संबंध में उनसे जानकारी ली गई तो बताया कि गैस न मिलने से वह परेशान हैं। गैस समाप्त हो जाने से उनके घर खाना नहीं बना है। गैस बुक कराने पर कोई जवाब नहीं मिल रहा है। नेटवर्क समस्या बता कर फोन कट रहा है। कुछ जानकारों का कहना था कि पहले बुक कराने पर तत्काल बुकिंग हो जाती थी। अब समस्या हो रही है। बताया गया है कि यदि किसी ने सिलेंडर बुक कराया था। उसके 25 दिन पूरे नहीं हुए हैं तो उसकी बुकिंग नहीं हो रही है। ऊपर से बुकिंग में बदलाव कर दिया गया है। यह एलपीजी गैस की कमी की वजह से किया गया है। जो लोग 25 दिन के बाद बुकिंग कर रहे हैं उनकी बुकिंग में किसी तरह की दिक्कत नहीं हो रही है। जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग हो रही है उनको गैस सिलेंडर मिलने में किसी तरह की दिक्कत नहीं है।


सरायमीरा में गैस एजेंसी के सामने गैस सिलेंडर के इंतजार में खड़े उपभोक्ता।

### शादी के घर में कैसे हों कार्यक्रम

**कन्नौज।** गैस की किल्लत का असर सबसे अधिक उन लोगों को हो रहा है जिनके घरों में जल्द ही पुत्र या पुत्री की शादी होनी है। गैस न मिलने से उनका पूरा कार्यक्रम चौपट हो रहा है। इधर उधर भटकने पर यदि उनको सिलेंडर मिल भी रहे हैं तो उनकी कीमत दोगुनी तीन गुनी तक मांगी जा रही है। हालांकि विभागीय जिम्मेदारों ने गैस की कमी की बात से साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि नियमानुसार बुकिंग पर गैस अवश्य उपलब्ध होगी।


इत्रोत्सव के समापन पर फूलों की होली में पुष्पवर्षा करते जिलाधिकारी। अमृत विचार



श्रीराम जन्म पर संगीतमय प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

# इत्रोत्सव के समापन पर मंच पर बिखरे इंद्रधनुषी रंग

- श्रीराम जन्म की संगीतमय प्रस्तुति के साथ बृज की होली ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत को संजोने के क्रम में आयोजित तीन दिवसीय इत्रोत्सव का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। इस दौरान कथक, श्रीराम जन्म की संगीतमय प्रस्तुति के साथ ही ब्रज की होली ने भी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन में सहयोग करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

सोमवार देर शाम केके इंटर कॉलेज के छात्रावास खेल मैदान बोर्डिंग में चल रहे इत्रोत्सव के तीसरे दिन रंगारंग संध्या का आयोजन किया गया। इसमें सबसे पहले कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसमें महिला कलाकारों ने ता थेई, ता थेई, ता थेई तत तत के साथ पैरों की संगत से समा बांध दिया। इसके बाद ठुमरी पर शानदार प्रस्तुति दी। खास तौर पर सुर ताल का संगम सराहनीय रहा। इसके बाद अयोध्या से आए कलाकारों ने रामचरित मानस की चौपाइयों के साथ अपनी प्रस्तुति शुरू की। इसके बाद श्रीराम जन्म की कथा का चित्र संगीतमय ढंग से नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसको खासी वाहवाही मिली। इसके बाद तय कार्यक्रम के अनुसार ब्रज की होली का मंचन किया गया।इसमें कलाकारों ने अपने अभिनय से लोगों की तालियां बटोरीं। मयूर नृत्य का भी प्रदर्शन किया। इसके बाद अंत में ब्रज की होली का दृश्य खूबसूरती से उपस्थित किया गया। इसमें जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने पुष्प वर्षा कर कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी। इसके बाद उत्सव को आकार देने में सहयोग करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

# माशिसं (शर्मा गुट) के प्रदेश मंत्री की दुर्घटना में मौत

**कन्नौज।** लंबे समय तक शिक्षकों के हित की लड़ाई लड़ने वाले माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के प्रदेश मंत्री श्रीकृष्ण यादव की कानपुर में सोमवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।


श्रीकृष्ण यादव (फाइल फोटो)।

इंदरगढ़ कस्बा निवासी श्रीकृष्ण यादव सोमवार को कानपुर अपने पुत्र से मिलने गये थे। जहां जीटी रोड स्थिति एसपीएम मेट्रो स्टेशन के निकट रोडवेज बस के नीचे आ गए। इससे उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि जिस रोडवेज की बस में सवार होकर वह आये थे उसी से उतरते समय पहिया उनके ऊपर से निकल गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को घर लाया गया। जहां परिजनों में कोहराम मचा रहा। बता दें कि वह कचाटीपुर के सरदार पटेल इंटर कालेज में अंग्रेजी के प्रवक्ता रह चुके थे। सेवानिवृत्त होने के बाद भी शिक्षकों के हित में राजनीत करते रहे।

# 24 को रोजगार मेला, 1000 से अधिक पदों पर होगी भर्ती

**कन्नौज।** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 24 मार्च को प्रातः 10:00 बजे स्थान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बेहरिन तिर्वा रोड, कन्नौज में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेलें में कन्नौज एवं अन्य शहरों की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर रही है।

कंपनियों के द्वारा रु. 10000-25000 तक के मासिक वेतन पर भर्ती हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों यथा साइड सुपरवाइजर, सेल्स मैनेजर, ऑफिस असिस्टेंट, प्रोडक्शन ट्रेनी, लोन एडवाइजर, मैनेजर, फील्ड एक्जीक्यूटिव, इंश्योरेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर, कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स पर्सन, आदि पदों पर भर्ती हेतु लगभग 1000 रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी।

# स्कूल की दीवारों को प्रेरक चित्रों से सजा रहीं प्रधानाध्यापिका

- स्कूल चलो अभियान से पहले पीएमश्री जूनियर हाईस्कूल को चमकाने में जुटीं प्रधानाध्यापिका

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** यूं तो सरकारी स्कूलों को लेकर आम धारणा कुछ अच्छी नहीं है लेकिन फिर भी कुछ विद्यालय प्राइवेट को मात देते नजर आते हैं। इनके पीछे असल में मेहनत होती है कुछ मेहनती शिक्षकों की। ऐसा ही है तालग्राम का पी.एम. श्री जूनियर हाईस्कूल। यहां स्कूल चलो अभियान से पूर्व विद्यालय को सजाने एवं संवारने का कार्य प्रधानाध्यापिका छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर कर रही हैं।






स्कूल में बनाई गई पेंटिंग और चित्रकारी करतीं प्रधानाध्यापिका। अमृत विचार

स्कूल में वर्तमान में 317 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। प्रधानाध्यापिका आकांक्षा चौरसिया ने विद्यालय को ग्रीन एवं क्लीन विद्यालय के रूप में विकसित करने को अभियान चलाकर सर्वप्रथम पेंटिंग कराई। इसके बाद स्वयं व बच्चों के सहयोग से विद्यालय की बाहरी दीवारों पर आकर्षक शिक्षण अधिगम सामग्री को पेंटिंग कर सजाया। विद्यालय की दीवारों पर शिष्टाचार की बातें, सेव वाटर, इको क्लब, पर्यावरण, स्वच्छता संदेश, अच्छी आदतें, गुड टच- बैड टच आदि का संदेश देते हुए बच्चों के मनपसंद कार्टून पात्र को बनाया गया है। प्रधानाध्यापिका ने कहा कि जिस प्रकार पर्व एवं त्योहार पर हम अपने घरों को सजाते हैं ठीक उसी प्रकार स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए एवं अधिक से अधिक नामांकन हेतु वे भी स्वयं व बच्चों के सहयोग से विद्यालय को पेंटिंग कर सजा रही हैं और अपने विद्यालय को ग्रीन विद्यालय की संकल्पना पर तैयार कर रही हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी इस कार्य को पोस्ट कर उत्साहवर्धन किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि प्रधानाध्यापिका का कार्य सराहनीय है ।

**पहल** नवोत्थान स्टार्टअप फाउंडेशन, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज का 'उड़ान 1.0' आयोजन

# स्टार्टअप इकोसिस्टम की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** नवोत्थान स्टार्टअप फाउंडेशन, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के तत्वावधान में होटल आशा, कन्नौज में "उड़ान 1.0: कनेक्टिंग स्टार्टअप, इंडस्ट्री और इन्वेस्टर्स" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान स्टार्टअप इकोसिस्टम की वर्तमान चुनौतियों और संभावनाओं पर गहन चर्चा की गई।




कार्यक्रम के दौरान राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के छात्र, निदेशक व अन्य।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मनोज कुमार शुक्ला एवं मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद आयोजित स्टार्टअप इंडस्ट्री पैनल डिस्कशन में उद्योग विशेषज्ञों एवं शिक्षाविदों ने स्टार्टअप इकोसिस्टम की वर्तमान चुनौतियों और संभावनाओं पर गहन चर्चा की। पैनल में अमित तिवारी (फाउंडर, एमकेटी सॉफ्टवेयर्स), अखिलेश शुक्ला (को-फाउंडर, युक्ति एडुटेनमेंट), डॉ. आकाश अग्रवाल आर एसी कन्नौज ने अपने विचार साझा किए, जबकि सत्र का संचालन इनक्यूबेशन मैनेजर किरण कुमारी ने किया। विशेषज्ञों ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्टार्टअप संस्कृति के विकास, संसाधनों की उपलब्धता, निवेश तक पहुंच और मेंटरशिप की आवश्यकता पर बल दिया। पैनल चर्चा के उपरांत संस्थान के इनक्यूबेशन सेंटर में इनक्यूबेटेड एवं वित्तीय सहयोग प्राप्त स्टार्टअप्स और नवप्रवर्तकों द्वारा अपने उत्पादों एवं नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। मंच ने युवा उद्यमियों को अपने विचार प्रस्तुत करने और संभावित निवेशकों से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम में संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. बी.डी. के पात्रों, वित्त एवं लेखाधिकारी नीलम शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. अरुण कुमार सिंह, इनक्यूबेशन सेंटर के निदेशक डॉ. रविश सिंह राजपूत, समन्वयक डॉ. विजय कुमार तिवारी, सहायक प्रबंधक सौरभ यादव सहित संस्थान के अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त एफएफडीडीसी से डॉ. विलास, आबकारी अधिकारी अबुल अंसारी, राजकीय पॉलिटेक्निक तिर्वा, अन्नौगी एवं तालग्राम के प्रधानाचार्य, अतर एसोसिएशन के प्रतिनिधि नलिन मिश्रा सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में संस्थान द्वारा समर्थित शीर्ष 10 स्टार्टअप्स के साथ-साथ 40 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। विशिष्ट अतिथि जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे, जिला उद्योग केंद्र के जनरल मैनेजर प्रेमकांत उपस्थित रहे।

# Small Businesses: The Backbone of India's Economy

AMYRA CHAUDHRY




In a rapidly developing nation like India, small businesses play a vital role in driving economic growth and ensuring inclusive development. Often overshadowed by large corporations, these enterprises quietly form the backbone of the country's economy, contributing significantly to employment, innovation, and regional development. One of the biggest contributions of small businesses is job creation. These enterprises are mighty job creators and provide work for millions of people, in particular, in those rural and semi-urban areas where big industry just isn't around in the same numbers. They help get people into work and lift living standards by plugging away at the grassroots level and cutting unemployment. All this puts real cash into people's pockets - cash they then spend elsewhere in the local economy. Small businesses also do a huge amount for the country's economy by contributing to its Gross Domestic Product (GDP) - they may not be massive players, but they're all over the different sectors - manufacturing, services & trade. What that means is they keep the economy nice and balanced. And that in turn makes the whole economy a lot more resilient when there are global economic wobbles.

Another thing small businesses do is provide a chance for people to become entrepreneurs. Because the investment needed to get started is so much lower than you often find with bigger businesses, they make it a lot easier for people to take the plunge & set up their own ventures. That in turn drives innovation and helps people feel a lot more in control of their own lives.

And last - but by no means least - small businesses are a vital part of rural development. By opening up business in villages and smaller towns, they really do help reduce the flow of people into the cities & this, in turn, helps make regional growth a lot more balanced. That in its self helps ease the pressure on big cities and helps make development a lot more sustainable.

In addition, small businesses contribute to exports by producing goods such as handicrafts, textiles, and engineering products. Their participation in global trade helps earn foreign exchange and enhances the country's economic standing on the world stage. Small businesses aren't just productive units; they're the driving force behind growth, innovation and social change. And to see the sector thrive, we really need to be supporting them with good policies and giving them the resources they need to grow - all of which will add up to a more robust, more inclusive economy that can stand on its own two feet.



## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व विधायक के आवास पर विस्फोट दो बेटे घायल, भर्ती

**फर्रुखाबाद।** सदर के पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर भयंकर विस्फोट हुआ विस्फोट से मकान काफी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में विधायक विजय सिंह के पुत्र विक्की, सिक्की एवं नूरपुर के पूर्व प्रधान भैया चौहान घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया। नाला मछरेहटा स्थित पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर भयानक विस्फोट हुआ जिससे उनका मकान क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में उनके दोनों पुत्र विक्की, सिक्की घायल हो गए। पूर्व विधायक विजय सिंह की पत्नी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती सिंह ने बताया कि वह छत पर पूजा पाठ कर रही थीं कि अचानक हुए विस्फोट से वह नीचे आई तो देखा उनके पुत्र घायल थे। आसपास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और आनंन फानन में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। घटना के कारण का पता नहीं चल सका है।

### थ्रेसर की चपेट में आने से युवक का हाथ कटा

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेहटा में सरसों की कटाई के दौरान एक युवक का हाथ थ्रेसर की चपेट में आने से कट गया। मंगलवार को ग्राम भेहटा निवासी हिमांशु राजपूत (30) पुत्र धर्मेंद्र सिंह, अपने चचेरे भाई पवन कुमार राजपूत के खेत पर सरसों की फसल कटवाने के लिए हाथ बंटाने गया था। इस दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से उसका हाथ थ्रेसर के ब्लेड की चपेट में आ गया और कट गया। परिजनों ने उसे सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### मुकदमें में समझौते की धमकी देकर पीटा

**गुरसहायगंज।** गांव के लोगों ने मुकदमा में समझौता करने की धमकी देकर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम हनुमंतखेड़ा निवासी अरविंद सिंह पुत्र रामपाल सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रंजिश को लेकर गांव के दिव्यांशू व अभय ने उसके भतीजे अभिषेक को 17 मई 2024 को लाठी डंडों व गोली मार कर घायल कर दिया था। जिसका मुकदमा थाना में दर्ज है। 15 मार्च की सुबह लगभग 08 .50 बजे अभिषेक खेतों की ओर जा रहा था। तभी आरोपी ने मुकदमा में समझौता करने को लेकर उसे जान से मारने की धमकी दी। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों व गांव के लोगों को आता देख आरोपित गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### बकरी बांधने के विवाद में मारपीट

**गुरसहायगंज।** गांव के लोगों ने होलिका दहन स्थल पर बकरी बांधने के विवाद में चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम रजलामऊ निवासी हरीशंकर गुप्ता पुत्र गंगा प्रसाद गुप्ता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 15 मार्च को उसने गांव के युवक से होलिका दहन की भूमि पर बकरी बांधने से मना किया था। इसको लेकर विवाद हो गया था। 16 मार्च की देर रात लगभग 10 बजे वह समझौता करने गया था। तभी गांव के राजू और उसके पुत्रों कलाम व सलाम ने गालीगलौज की। मना करने पर उसे, पुत्र जय, भतीजे अमित व रिशू को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद दरवाजे आकर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### फांसी लगा खुदकुशी का प्रयास किया

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर गांव में मंगलवार को एक 23 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों की सतर्कता से उसकी जान बचा ली गई, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और इलाज जारी है ।गांव निवासी विपिन की पत्नी मधु ने घरेलू विवाद के चलते जान देने की कोशिश की। बताया गया कि घटना से पहले मधु अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र अभ्यांश को पीट रही थी। इसी दौरान पति विपिन वहां आ गया और उसने मधु को बच्चे को पीटने से मना किया। इससे नाराज होकर मधु अपने कमरे में चली गई और साड़ी का फंदा बनाकर कुंडे से लटक गई। परिजनों की सतर्कता से उसकी जान बचा ली गई।

# अंधेरगर्दी: एक पेपर से चार छात्रों ने दी परीक्षा

## परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाओं में शिक्षा व्यवस्था की खुली पोल

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाओं में अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि विभाग की तैयारियों के दावे दूसरे दिन ही धड़ाम हो गए। मंगलवार को गणित और संस्कृत की परीक्षा के दौरान कई स्कूलों में प्रश्नपत्रों का भारी टोटा रहा जिसके चलते मजबूरन एक-एक पेपर से चार-चार छात्रों को परीक्षा देनी पड़ी।



एक पेपर से चार छात्राएं परीक्षा देते हुए। अमृत विचार

नगर क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों ने जेब से पैसे खर्च कर पेपर की फोटोकॉपी कराई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बुरा हाल रहा। फोटोकॉपी की सुविधा न होने के कारण कंपोजिट विद्यालय घिलोई, नौगाई, कुंवरपुर लोधपुर और सदरपुर द्वारकापुर जैसे स्कूलों में बच्चों को समूह में बैठकर एक ही पेपर से सवाल हल करने पड़े। सोमवार को पेपर समय पर न पहुंचने के कारण ब्लैक बोर्ड पर लिखकर परीक्षा कराई गई थी, और अब प्रश्नपत्रों की संख्या कम पड़ गई। अभिभावकों ने कहा कि जब सरकार करोड़ों रुपये शिक्षा पर खर्च कर रही है तो बच्चों को प्रश्नपत्र तक नसीब क्यों नहीं हो रहे। इस तरह की परीक्षा का क्या औचित्य जहां बच्चे एक-दूसरे का पेपर देखकर हल कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने बताया कि कुछ विद्यालयों में कमी की सूचना मिली थी, जिसे तत्काल दूर करने का प्रयास किया गया। उन्होंने भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न होने देने और प्रधानाध्यापकों को पहले से स्टॉक चेक करने के निर्देश दिए हैं।

- गणित और संस्कृत की परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्रों का टोटा रहा

## सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार

**छिबरामऊ।** आगामी त्योहार नवरात्रि और ईद-उल-फितर को शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ सुरक्षा व्यवस्था और त्योहारों की तैयारियों पर चर्चा की। बैठक के दौरान सीओ सुरेश कुमार, नायब तहसीलदार राम प्रकाश और कोतवाल विष्णु कांत तिवारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान अराजकता फैलाने वालों पर सख्त नजर रखी जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि किसी भी भ्रामक अफवाह पर ध्यान न दें और आपसी सौहार्द बनाए रखें।

इस मौके चेयरमैन मनोज दुबे व पूर्व चेयरमैन राजीव दुबे,सलमान खान, नरेश वर्मा, सुरेश चंद वर्मा,रामानंद वर्मा, विनीत वर्मा सिंपल, आदेश शर्मागोविंद शर्मा, मोहम्मद मुकीम रहे। सभी ने प्रशासन को त्योहारों के दौरान पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# डिजिटल उपस्थिति में हसेरन तालग्राम, जलालाबाद पिछड़े

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने "शिक्षा समग्र" कार्यक्रम के अंतर्गत प्रेरणा पोर्टल एवं स्टूडेंट डिजिटल अटेंडेंस के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा की। इस दौरान डिजिटल अटेंडेंस में तालग्राम, जलालाबाद और हसेरन का प्रदर्शन खराब पाया।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने प्रेरणा पोर्टल पर छात्र उपस्थिति का शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध अपलोड सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पाया गया कि जनपद के कुल 1459 विद्यालयों में से 762 विद्यालयों ने डेटा अपलोड किया। इसमें कुल नामांकित 1,16,590 छात्रों में से 61,632 छात्र उपस्थित पाए गए, विकासखंडवार गुगरापुर (70.6%), सौरिख (63.95%) एवं कन्नौज नगर (65.25%) ने बेहतर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाले विकासखंडों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें एवं विद्यालय स्तर पर डिजिटल उपस्थिति दर्ज कराने में आ रही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।



बैठक लेते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व मौजूद विभागीय अधिकारी।

- समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी, दिए निर्देश

इसके अतिरिक्त शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूल चलो अभियान के प्रभावी संचालन हेतु विशेष निर्देश दिए। कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए डोर-टू-डोर सर्वे कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य में गति लायी जाये। गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पायी जाती हैं तो संबंधित निर्माण एजेंसी से धनराशि रिकवरी करायी जायेगी। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि बेसिक विद्यालयों में जहां भी निर्माण कार्य हो रहा हैं, उसकी गहन निगरानी की जाये।

## कार्यशाला में 214 कार्यकर्ताओं ने सीखा जीत का मंत्र

संवाददाता,छिबरामऊ

- पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महा अभियान के तहत कार्यशाला
- सात महत्वपूर्ण सत्रों में विषयों का प्रतिपादन किया गया

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत प्रदेश और जिला स्तर के बाद अब मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में 214 कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर संगठन की मजबूती का संकल्प लिया।

कार्यशाला का शुभारंभ पंजीकरण के साथ हुआ जिसके बाद कुल सात महत्वपूर्ण सत्रों में विषयों का प्रतिपादन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने भाजपा का इतिहास और विकास कार्य पद्धति एवं वैचारिक अनुष्ठान, बूथ प्रबंधन एवं कार्य विस्तार, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग सरकार की जनकल्याणकारी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अनुभव प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय विषयों को विधायक अर्चना पांडे, जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल, जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, शैलेंद्र द्विवेदी, गौरव द्विवेदी और श्यामू राजपूत ने वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं के सम्मुख रखा।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, आदित्य राजपूत, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, मनोज द्विवेदी, रामानंद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नामित सभासदों का नगर पंचायत में हुआ भव्य स्वागत

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर पंचायत सौरिख में शासन द्वारा नामित सभासदों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मोहल्ला संजय नगर से रामवीर शाक्य,इंदिरा नगर से दिनेश त्रिवेदी और आजाद नगर से पंकज राजपूत को सभासद बनाए जाने पर स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने नामित सभासदों को माल्यार्पण कर एवं स्मृति स्वरूप फोटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि नवनियुक्त सभासद क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और नगर के समग्र उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



नामित सभासदों का स्वागत करते नगर अध्यक्ष। अमृत विचार

इस अवसर पर रामवीर शाक्य, आदेश दुबे, राजन सैनी, बासु दुबे, गिरिजेश तिवारी, ओमी चतुर्वेदी राजा चौरसिया आलोक पाठक, हिमांशु पाठक, डॉ. सर्वेश शाक्य, गुरु वचन शाक्य, पंकज राजपूत, विजय राजपूत उर्फ लालू, अभिजीत सैनी, रोमी त्रिवेदी, बिट्टू त्रिवेदी, मुकेश शाक्य, मानसिंह शाक्य सभासद संतोष प्रजापति, छोटे राठौर, जीवन मिश्रा मौजूद रहे।

**तिर्वा में भी तीन सभासद नामित: तिर्वा।** तिर्वा नगर पंचायत में भी तीन सभासद शासन की ओर से नामित किए गए हैं। इनमें स्नेहलता बाथम, शिशुपाल चौहान व नीरज चक्रवर्ती शामिल हैं। इन सभी को शुभचिंतकों के अलावा नगर पंचायत सदस्यों की ओर से भी शुभकामनाएं दी गईं।

## छिबरामऊ के 50 प्राथमिक विद्यालय बने 'निपुण'

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** विकास खंड छिबरामऊ के शिक्षा क्षेत्र के लिए एक गौरवशाली उपलब्धि सामने आई है। फरवरी माह में डाइट प्रशिक्षुओं द्वारा किए गए गहन मूल्यांकन के बाद ब्लॉक के 50 विद्यालयों को आधिकारिक तौर पर 'निपुण विद्यालय' घोषित कर दिया गया है।

खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार द्विवेदी ने जानकारी दी कि डीएलएड प्रशिक्षुओं ने विद्यालयों में जाकर छात्रों की भाषा और गणितीय दक्षता की बारीकी से जांच की थी। मानकों पर खरा उतरने वाले इन स्कूलों की पहचान अब दूर से ही हो सकेगी क्योंकि इनके भवनों पर निपुण लोगो पेंट कराया जाएगा। आगामी 25 मार्च को जिला स्तर पर आयोजित निपुण सम्मान दिवश में इन विद्यालयों के शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट मेहनत के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। चयनित प्रमुख विद्यालयों में रामनगर, दीनपुर, केपीएस सुल्तानपुर, भरौली और रुद्रपुर जमामर्दपुर जैसे नाम शामिल हैं।

**नवोदय प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी:जलालाबाद ।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 06 की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

विद्यालय के प्राचार्य एसके पांडे ने बताया कि परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सूचना भेज दी गई है। जिन अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, वह निर्धारित समय के भीतर विद्यालय पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला सैदवाड़ा में सोमवार रात्रि एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई।

शमशाबाद नगर के मोहल्ला सैदवाड़ा निवासी अनुज कुमार की लगभग 27 वर्षीय पत्नी, जो दो बच्चों की मां बताई जा रही है, सोमवार रात्रि अपने कमरे के अंदर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी हुई पाई गई। पुत्रवधू द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही ससुराल पक्ष के लोग घबराकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के पिता शिवमोहन निवासी घसिया चिलौली, कोतवाली कायमगंज, अपनी बेटी की ससुराल पहुंचे। उन्होंने ससुराल पक्ष पर पुत्री के साथ उत्पीडऩ करने तथा उसकी हत्या करने का आरोप लगाया। पिता के आरोपों के बाद मामला और भी गंभीर हो गया।



मृतका के दु:खी परिजन। अमृत विचार

घटना की जानकारी मिलने पर थाना शमशाबाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर उच्चाधिकारियों को सूचना दी। अधिकारियों के निर्देश पर जिला मुख्यालय से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मौके से विभिन्न नमूने एकत्रित कर जांच के लिए सुरक्षित किए। मौके पर कायमगंज के नायब तहसीलदार और सीओ कायमगंज भी पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि मामला आत्महत्या का है या फिर हत्या का।

## सड़क हादसे में दो बाइक सवार घायल

**अमृतपुर।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में अचानक सडक़ पर गायों के आ जाने से दो बाइक सवार युवकों की टक्कर हो गई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि दोनों युवक फर्रुखाबाद से अमृतपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे ग्राम तौफीक के पास पहुंचे, तभी अचानक सडक़ पर आवारा गायें आ गईं। इससे उनकी बाइक गायों से टकरा गई और दोनों युवक सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर डायल 112 पुलिस पहुंची। पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी राजेपुर भेज दिया।घटना के समय दोनों युवक बेहोशी की हालत में थे, इसलिए उनकी नाम महेंद्र और पत्थर सवार थे हालांकि जानकारी मिली है कि दोनों युवक अमृतपुर थाना क्षेत्र के खुशाली नगला गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

# कायमगंज में 25 हजार के इनामी बदमाश समेत दो चोर गिरफ्तार

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने चार माह पुराने कलाखेल चोरी कांड का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों में से एक पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था।

सोमवार रात पुलिस बुढिया पुल के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस के टोकने पर वे भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज स्थित हुल्लापुर निवासी सुनील पुत्र प्रेमचंद और कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैस स्थित उस्माननगर निवासी जयप्रकाश पुत्र रामस्वरूप के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 16 नवंबर को गांव कलाखेल निवासी शन्दू खां के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने बताया कि उनके साथी कमलेश ने दिन में रेकी कर जानकारी दी थी कि घर पर ताला लगा है। रात को तीनों मोटरसाइकिल से आए। उन्होंने बाइक को फर्रुखाबाद रोड पर दूर खड़ा कर पैदल घटना स्थल तक पहुंचे। सुनील और कमलेश घर के अंदर घुसे, जबकि जयप्रकाश बाहर रखवाली कर रहा था। इसी बीच शन्दू का भाई फहमी वहां पहुंच गया, जिसे जयप्रकाश ने तमंचे के बल पर डराकर रोक लिया। बदमाश घर से जेवर, 35 हजार रुपये नगद और एक सिंगल बैरल बंदूक लेकर फरार हो गए थे। कोतवाली प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सुनील शातिर अपराधी है।पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था।



कायमगंज कोतवाली में पुलिस हिरासत में आरोपी। अमृत विचार

**निरीक्षण** | एसपी ने अमृतपुर थाने की व्यवस्थाओं, अभिलेखों और पुलिसिंग के पहलुओं का परीक्षण किया

# थाना अध्यक्ष के गुडवर्क की खुलकर सराहना की

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली को परखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने अमृतपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों और पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं का गहनता से परीक्षण किया गया। थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए एसपी ने थाने की व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया।



अमृतपुर थाने के निरीक्षण के दौरान दिशा निर्देश देतीं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह।

निरीक्षण के क्रम में सीसीटीएनएस प्रणाली, मालखाना, हवालात, कार्यालय अभिलेख, अपराध रजिस्टर, शस्त्रागार (हथियार रजिस्टर) तथा लंबित विवेचनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने साफ-सफाई और अनुशासन की स्थिति को बेहतर बताते हुए कहा कि थाना टीम अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ कर रही है। एसपी आरती सिंह ने थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में अमृतपुर थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत हुई है। विशेष रूप से सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी को पुलिस की सक्रियता और प्रभावी गश्त का परिणाम बताया गया। हालांकि निरीक्षण के दौरान कुछ छोटी कमियां भी चिन्हित की गईं, जिनके शीघ्र सुधार के निर्देश दिए गए।एसपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे आम जनता के साथ संवाद बेहतर रखें, फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि जनता के व्यवहार और कार्यशैली से ही बनती है, इसलिए संवेदनशीलता और पारदर्शिता बेहद जरूरी है। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष रक्षा सिंह, समस्त उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## 'मीडिया की निष्पक्षता व साहित्य की गहराई बेहद आवश्यक'

**फर्रुखाबाद।** सीएसजेएमयू, कानपुर के पत्रकारिता विभाग के सहयोग से भारतीय महाविद्यालय में दो दिवसीय (17-18 मार्च) अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार की विधिवत शुरुआत हुई।।मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय विकास परिषद्, सीएसजेएमयू, के निदेशक प्रोफेसर राजेश कुमार द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस डिजिटल युग में मीडिया की निष्पक्षता और साहित्य की गहराई राष्ट्र पुनरुत्थान में आवश्यक है।प्रोफेसर रवींद्र प्रताप सिंह ने कहा कि साहित्य वह मशाल है जो राष्ट्र के अतीत, वर्तमान और भविष्य को आलोकित करती है। भारतीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमण प्रकाश ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कंपिल नगर पंचायत में 3 नामित सभासद घोषित

संवाददाता क़ायमगंज

**अमृत विचार।** नगर पंचायत कंपिल में तीन नामित सभासदों की घोषणा की गई है।

नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में नामित पार्षदों की सूची का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरु प्रसाद ने सदस्यों को नामित किए जाने संबंधी अधिसूचना जारी की। बताया गया कि पिछले महीने भारतीय जनता पार्टी संगठन स्तर पर नामों को लेकर विस्तृत मंथन किया गया था। इसके बाद सूची को अंतिम रूप देकर नगर विकास विभाग को भेजा गया था। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के नगर निकायों में भाजपा की ताकत और मजबूत होती दिखाई दे रही है। पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को उनकी सेवाओं का इनाम भी मिला है।

कंपिल नगर पंचायत में मोनिका (पत्नी राजेश कुमार, मोहल्ला गढ़ी पट्टी मदारी), आलोक कुमार (पुत्र अजीत सिंह, आजाद नगर) और अवधेश (पुत्र सीताराम) को नामित सदस्य बनाया गया है। मनोनयन के बाद ये नए सदस्य नगर पंचायत की सदन की कार्यवाही में शामिल हो सकेंगे। अधिसूचना में इनके कार्यकाल की अवधि स्पष्ट नहीं की गई है, हालांकि निर्वाचित पार्षदों की तरह इन्हें भी सदन में बैठने का अधिकार होगा और जनहित के मुद्दों पर इनसे राय ली जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

## ट्रेन की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत

इटावा। पछायगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बल्देव सिंह पुरा निवासी राजमिस्त्री की रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की जानकारी होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे ग्राम बल्देव सिंह पुरा निवासी हाकिम सिंह (46) घर से बाजार जाने के लिए निकले थे। ग्राम मनीनगर के पास बाह-आगरा रेलवे लाइन पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक वहां से गुजर रही तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी तेज थी कि हाकिम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पछायगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक की पहचान कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक हाकिम सिंह राजमिस्त्री का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी ममता देवी के अलावा दो बेटे और दो बेटियां हैं। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी ममता देवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सड़क दुर्घटनाओं में सात लोग घायल

इटावा। जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में सात लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत पाली बम्बा चौराहे पर पिकअप ने तीन बाइक सवार युवकों को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। बकेवर थाना क्षेत्र के नगला साबित खां लखना निवासी तीन दोस्त शीलू पुत्र सर्वेश, प्रियांशु पुत्र अमरीश तथा रोहित उर्फ़ अंशुल पुत्र अरविन्द भरथना स्थित एक मैरिज होम से कैटरिंग का काम कर वापस अपने गाव जा रहे थे तभी पाली बम्बा चौराहे पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत कचौरा रोड रेलवे पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार संदीप पुत्र मंगल सिंह व मोहिनी पत्नी संदीप निवासी धूमनपुरा कोतवाली घायल हो गए। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुरैथा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से पिंकी पत्नी सुरवेंद्र निवासी नगला ठकुरी इकदिल घायल हो गई। थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत चिंता का नगला के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पववेश पुत्र बलराम निवासी ग्राम चमरुआ चौबिया घायल हो गया।

## झूलेलाल महाराज की शोभायात्रा 20 को

इटावा। श्री झूलेलाल महाराज का जन्मोत्सव चेटीचण्ड बड़ी धूमधाम से श्री झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी जेल के सामने रेलवे स्टेशन के पास 20 मार्च दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा और शहर में भव्य शोभा यात्रा निकलेगी। प्रात: 8 बजे झंडा रोहण तथा पूजन पाठ, प्रात: 11 बजे से दोपहर एक बजे तक कथा कीर्तन व प्रवचन, दोपहर 12 बजे भंडारा होगा तथा शाम 5 बजे झूलेलाल भगवान की शोभा यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर शास्त्री चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा, नगर पालिका बाज़ार होती हुई पचराहा पहुंचेगी और छेराहे पर समाप्त होगी। बहराना साहब व अखंड ज्योति विसर्जन पूजा पलव जमुना पर समाप्त होगा।। श्री झूलेलाल सिंधी पंचायत उन्नति कारिणी समिति के अध्यक्ष लाली भाई बुलानी उर्फ लालाराम व समस्त सिंधी समाज ने सभी धर्म प्रेमियों से अपील की है कि कार्यक्रम का आनंद उठाये तथा शोभायात्रा व अखंड ज्योति में सम्मलित होकर शोभा बढ़ाएं।

## जायन्ट्स सहेलियों ने उपभोक्ताओं को किया जागरूक

इटावा। अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जायंट्स ग्रुप आफ इटावा सहेली द्वारा फेडरेशन अधिकारी संगीता अग्रवाल के आवास पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में लोगों को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया । फेडरेशन अधिकारी संगीता अग्रवाल ने बताया कि सभी उपभोक्ता दुकानदार से सामान लेते वक्त उसकी रसीद अवश्य लें एवं उस पर अंकित मैन्युफैक्चरिंग डेट एवं उसकी एक्सपायरी डेट अवश्य देखें। मीनाक्षी सक्सेना ने बताया कि सभी उपभोक्ता सामान लेते वक्त उसकी मात्रा सही है या नहीं यह भी अवश्य देखें। इस अवसर पर अध्यक्ष विमल शर्मा, डीओए हेनू वर्मा, प्रज्ञा दोषी, अनीता गोयल, शारदा दीक्षित, ऊषा भदौरिया और इंदिरा तिवारी आदि सदस्य मौजूद रहे।

# सरकार गरीब परिवारों को समस्याओं से कर रही मुक्त

## जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने लोगों को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता इटावा



लाभार्थियों के साथ प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति व अन्य। अमृत विचार

- प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को पहली किस्त की चेक दी गई
- लोगों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी, कहा सरकार नहीं कर रही भेदभाव

**अमृत विचार** । राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 90 हजार लाभार्थियों को प्रथम किश्त की धनराशि जारी किए जाने के लाइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रदेश में वंचितों का सम्मान हर गरीब को अपना मकान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रथम किश्त 900 करोड़ की अनुदान राशि का अंतरण मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन से लाइव दिखाया गया। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 30 लोगों को पहली किश्त दी जा रही है एवं सरकार द्वारा बिजली, पानी, मकान आदि योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को समस्याओं से सरकार द्वारा मुक्त किया जा रहा है एवं आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया जा रहा है। सरकार द्वारा सीधा लाभार्थी के खाते में धनराशि भेजी जा रही है। सरकार का दायित्व है व्यक्ति की जरूरत को पूरा करना। उन्होंने कहा कि सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं कर रही है।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे ,कृपा नारायण तिवारी, महामंत्री शिवाकांत चौधरी, जनप्रतिनिधिगण, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सीओ सिटी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या में आजीवन कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता इटावा

- चार लोगों को पहले हो चुकी आजीवन कारावास की सजा
- कोर्ट ने 42 हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार** । विशेष न्यायाधीश एंटी डकैती आलोक कुमार श्रीवास्तव ने पांच साल पुराने चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या किए जाने व दो लोगों को घायल करने के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने उस पर 42 हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। इस मामले में परिवार के चार लोगों को पहले ही आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है।

विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने बताया कि सैंफई थाना क्षेत्र के गांव ललखौर में जमीन के बंटवारे के विवाद में अरविद दुबे की 30 अक्टूबर 2020 को खेत पर काम करते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावरों के द्वारा की गई फायरिंग में उनकी पत्नी मिथलेश दुबे व पुत्र अतुल दुबे भी गोली लगने से घायल हो गया था। इस सम्बंध में मृतक के साले पंकज पांडे निवासी तपा की नगरिया थाना करहल ने परिवार के ही उमा कांत दुबे पुत्र रमेश दुबे, अंशुल दुबे अनुराग दुबे ,अक्षय दुबे, पुत्रगण उमाकांत दुबे व जूली दुबे पत्नी उमाकांत के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में इन लोगों को जमानत मिल गई।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एंटी डकैती कोर्ट में हुई। सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने पैरवी की। इनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने सभी को दोषी करार दिया था। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उमाकांत, जूली देवी, अक्षय दुबे व अंशुल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। लेकिन अनुराग दुबे कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। इस पर कोर्ट ने उसकी पत्रावली अलग कर दी और पुलिस को उसे गिरफ्तार कर हाजिर करने के आदेश दिए। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। मंगलवार को कोर्ट ने अनुराग दुबे को दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा व 42 हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

## युवक ने लगाई फांसी

इटावा। थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मनीनगर में एक युवक ने किसी विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार विजय जाटव 26 वर्ष पुत्र अरविंद निवासी मनीनगर पछायगांव ने किसी विवाद के चलते नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना पछायगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मुख्यालय लाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

## सीडीओ ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जाना हाल

इटावा । कौशल विकास हेतु संचालित कौशल प्रशिक्षण योजनाओं की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित वीसी कक्ष में सीडीओ अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, प्रवीण योजना तथा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण प्रदाता संस्थानों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का साप्ताहिक पाठ्यक्रम तैयार किया जाए । उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा जिन प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति पूर्ण नहीं हुई है उनकी सूची प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षण के शुभारंभ दिवस पर पीटीएम आयोजित करने तथा उसके बाद प्रत्येक माह नियमित रूप से पीटीएम कराने हेतु निर्देशित किया।

# स्कूली वैन से निकला धुंआ बच्चों ने कूदकर बचाई जान

संवाददताता भरथना इटावा

**अमृत विचार** । थाना क्षेत्र में गांव नगला गनू के पास भरथना-गोपियागंज मार्ग पर बच्चों से भरी एक स्कूली वैन अचानक खराब होकर धुआं छोड़ने लगी। गनीमत रही कि बच्चों ने समय रहते वैन से कूदकर अपनी जान बचा ली।

नगला गनू निवासी अंशुल ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को लेकर जा रही स्कूली वैन अचानक तेज आवाज के साथ बीच रास्ते में रुक गई और उसमें से तेजी से धुएं का गुब्बार निकलने लगा। देखते ही देखते वैन के अंदर धुआं भर गया, जिससे उसमें बैठे बच्चे घबरा गए । प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्थिति बिगड़ती देख वैन चालक घबरा गया और बच्चों को वैन में ही छोड़कर मौके से भाग निकला। ऐसे में घबराए बच्चों ने हिम्मत दिखाते हुए खुद ही वैन से कूदकर बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। कुछ देर बाद जब धुआं कम हुआ तो चालक वापस मौके पर पहुंचा और बच्चों को दोबारा वैन में बैठाकर वहां से रवाना हो गया। इस दौरान मची भगदड़ में तीन बच्चों को भी चोटें आईं। जिनमे मेरा पुत्र शिवांश जो कक्षा दो का छात्र है तथा बेटी शिवानी जो कक्षा छह की छात्रा है. उसी स्कूल में पढ़ती है। उपरोक्त दोनों बच्चों समेत कुल तीन बच्चे चोटिल हो गये। परिजनों का कहना है कि वैन पहले से ही खराब हालत में थी , जिससे बच्चों की जान जोखिम में डाली जा रही थी। स्कूली बच्चों ने बताया कि वैन सुबह स्कूल परिसर में भी स्टार्ट नहीं हो रही थी, जिसे शिक्षकों द्वारा धक्का देकर चालू कराया गया था। इसके बाद कस्बे के ओवरब्रिज के पास भी वैन बंद हो गई थी, जहां बच्चों से भी धक्का लगवाया गया। सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी सर्वेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं है।

# आपस में भिड़ीं दो रोडवेज बसें, आठ घायल

संवाददता बकेवर इटावा


मौके पर मौजूद पुलिस व क्षतिग्रस्त बस। अमृत विचार

**अमृत विचार** । डिकानपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर महेवा ओवरब्रिज पर सोमवार रात फजलगंज डिपो की बस में औरैया डिपो की बस ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस चालक समेत आठ सवारियां घायल हो गईं। सूचना मिलते ही पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंचीं। तीन घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

हादसा सोमवार रात करीब नौ बजे का है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फजलगंज डिपो की बस आगे चल रही थी, तभी पीछे से आ रही औरैया रोडवेज डिपो की बस ने पीछे से उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। टक्कर के बाद फजलगंज डिपो का चालक बस को करीब 300 मीटर आगे ले गया और वहां बस खड़ी कर मौके से भाग गया। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक और लखना चौकी इंचार्ज अंकित पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम ने भी राहत कार्य में हाथ बंटाया। हादसे में औरैया रोडवेज का चालक और सात यात्री घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी घायलों को महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायलों में अमित कुमार (22) निवासी जिगणैया थाना मंगलपुर कानपुर देहात, राज सिंह (55) निवासी फूटा ताल थाना चकरनगर, इटावा सुनीता भदौरिया (50) निवासी महेरा चुंगी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी को गंभीर स्थिति होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा अंबिका (30) निवासी कटरा फतेह महमूद खां थाना कोतवाली, देश दीपक (36) निवासी महेवा थाना बकेवर, अनिल कुमार (54) निवासी महिला चुंगी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, सचिन कुमार (33) निवासी अतनोल थाना अयाना औरैया भी घायल हुए। इसके अलावा बस का चालक सत्यम भी मामूली रूप से घायल हुआ। इन सभी को अस्पताल के बाद छुट्टी दे दी गई। महेवा सीएचसी में अधीक्षक डॉ. अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में डॉक्टर की टीम घायलों के उपचार में जुटी रही। डॉ. अभिषेक वर्मा ने बताया कि तीन घायलों की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस अब दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। साथ ही मौके से भागे चालक की तलाश की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक जख्मी

इटावा। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केशवपुर कला के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार देव पुत्र राजेन्द्र निवासी सिंधी कालोनी भरथना व सज्जन पुत्र सतेंद्र निवासी राजागंज भरथना बाइक से जा रहे थे तभी थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केशवपुर कला के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।

## ऋचा राय को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददताता इटावा


ऋचा राय को सम्मानित करते आयोजक।

**अमृत विचार** । शिक्षिका व लेखिका ऋचा राय को राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय काम करने के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था "सम्पर्क क्रांति परिवार" द्वारा राजधानी नई दिल्ली के लाजपत भवन ऑडिटोरियम, लाजपत नगर में शक्ति शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे असम के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र, अंगवस्त्र , सम्मान चिह्न प्रदान कर तथा ताज पहना कर सम्मानित किया।

संस्था के अध्यक्ष शिव विनायक शर्मा ने बताया कि ऋचा राय राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में 15 वर्षों से काम कर रही है । वह सुविख्यात लेखिका हैं, जिनकी प्रमुख कृतियों में 'अदृश्य शत्रु', 'जीवन तेरा परिचय क्या है', 'किसलय' और छठी मईया हैं। उन्होंने 'मिशन शक्ति', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' , जागो पुतली, महिला मंच, स्वर्ण भारत उत्सव , 'स्वच्छ भारत मिशन' आदि अभियानों में शामिल होकर समाज को जागरूक करने कार्य किया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित पूर्व उच्चायुक्त फिजी आईएफएस पद्मजा पाण्डेय , योगेश कुमार पटेल, डॉ शशिबाला, गोपाल थपलियाल, सोमा सर्वजना, बिकास कुमार वैद्य आदि ने ऋचा राय को इस बधाई दी।

# मनरेगा मजदूरों के लंबित भुगतान को लेकर कांग्रेसियों ने विकास भवन घेरा

कार्यालय संवाददताता इटावा


विकास भवन में मौजूद कांग्रेस नेता। अमृत विचार

- सीडीओ के कमरे में ताला डालकर सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार** । मनरेगा मज़दूरों को 75 दिनों से मजदूरी न मिलने के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर ज़िला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित एवं शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने विकास भवन का घेराव करते हुए सीडीओ कार्यालय में ताला डालकर मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया गया कि केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ मज़दूर विरोधी बीजेपी सरकार ने उत्तर प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत कार्य करने वाले लगभग एक करोड़ मज़दूर परिवारों को पिछले 75 दिनों से उनकी मज़दूरी का भुगतान नहीं किया है। आज की तारीख़ में उत्तर प्रदेश में लगभग 2 हज़ार करोड़ रुपये का मनरेगा का भुगतान लंबित है। इसके साथ ही इस योजना को ज़मीनी स्तर पर लागू करने वाले ग्राम रोज़गार सेवकों सहित लगभग 40 हजार संविदा कर्मियों को भी पिछले 8 महीनों से औसतन उनका मानदेय नहीं दिया है।

ऐसी गंभीर परिस्थितियों में कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से मांग करती है कि शीघ्रातिशीघ्र उक्त भुगतानों को कराया जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी देश एवं प्रदेश व्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में पल्लव दुबे, करण सिंह राजपूत, प्रशांत तिवारी, अरुण यादव, कुसुम लता उपाध्याय, अमित त्रिपाठी 'अंबुज', आशाराम कठेरिया, विष्णुकान्त मिश्रा, सुनीता कुशवाहा, आसिफ जादरान, अनुराग कर्ण, दीक्षा शुक्ला एडवोकेट, अंसार अहमद, सुहेल वारसी, रणवीर सिंह मौजूद रहे।

जताया विरोध

माकपा ने रसोई गैस की किल्लत व आलू की बर्बादी पर सौंपा ज्ञापन

# गैस की किल्लत पर माकपाइयों का हल्ला बोल

कार्यालय संवाददताता इटावा



समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते माकपाई। अमृत विचार

**अमृत विचार** । मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कचहरी पर प्रदर्शन कर रसोई गैस की सप्लाई सुनिश्चित करने, कालाबाजारी रोकने और मूल्य वृद्धि वापसी तथा आलू की एमएसपी 1650 रुपये प्रति क्विंटल करने, खरीद की गांरटी, कोल्ड स्टोर के भाड़ा में रियायत आदि मांगे उठाते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को दिया। 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली जनआक्रोश रैली में इन मुददों को उठाया जायेगा। वहीं ज्यादा से ज्यादा लोगो को पहुंचने की अपील की गयी।

किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्तमंत्री एवं प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह,ने कहा कि गैस की किल्लत से आम आदमी परेशान है। वहीं किसानों को आलू का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जिससे किसानों के सामने गंभीर संकट पैदा हो गया है। किसानों की लागत भी नही निकल पा रही है। प्रदर्शन में शामिल होने वालों में माकपा जिलामंत्री नाथूराम यादव, आशा- रसोइया यूनियन के प्रांतीय नेता अमर सिंह शाक्य, माकपा के वरिष्ठ नेता प्रेमशंकर यादव, किसान सभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री संतोष शाक्य, जिलाध्यक्ष रामबृजेश यादव, कोषाध्यक्ष डॉ. शौकीन सिंह, नौजवान सभा के जिलामंत्री मोनू यादव, नरेन्द्र सिंह शाक्य, अभिषेक राजपूत, शैलेन्द्र शाक्य एडवोकेट , ओपी सिंह, शकुंतला, सकट नरायण सविता आदि ने भी विचार व्यक्त किए। माकपा कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए मांगों के समर्थन मे नारा लगाते हुए कचहरी पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक हुआ घायल

इटावा । रेलवे स्टेशन के मालगोदाम के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरपीएफ मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

आरपीएफ प्रभारी दिनेश कुमार सिंह के अनुसार ट्रेन के लोको पायलट ने स्टेशन अधीक्षक को मेमो भेजकर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति के घायल पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ टीम मौके पर पहुंची और मालगोदाम के पास पटरियों के किनारे एक अधेड़ व्यक्ति पड़ा मिला। इसके बाद उसे तत्काल एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने घायल व्यक्ति का प्राथमिक इलाज किया और उसे आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के लिए रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति की उम्र लगभग 48 वर्ष के आसपास बताई जा रही है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 4055/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2025–26/ दिनांक: 16.03.2026

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण /नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अनीता सोनी पत्नी कृष्ण कुमार सोनी | श्रीमती किरन गुप्ता पुत्री महेश चन्द्र गुप्ता पत्नी रामराज्य प्रकाश गुप्ता | कोटबाजार | 20 | पुराना भवन सं0 486 | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 4056/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2025–26/ दिनांक: 16.03.2026

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण /नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कृष्ण कुमार सोनी पुत्र प्रेमनारायण सोनी | श्री रामराज्य प्रकाश गुप्ता उर्फ रामजी पुत्र शंकरलाल गुप्ता सुमन | कोटबाजार | 20 | पुराना भवन सं0 487 | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 4057/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2025–26/ दिनांक: 16.03.2026

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण /नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सागर सोनी पुत्र कृष्ण कुमार सोनी | श्री कृष्ण कुमार सोनी पुत्र प्रेमनारायण | कोटबाजार | 20 | पुराना भवन सं0 652 | रजिस्टर्ड दान पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

न्यूज ब्रीफ

### शराब पीने से किसान की मौत, कोहराम

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में ज्यादा शराब पीने से किसान की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव सेनपुर निवासी 70 वर्षीय किसान हरिओम खेती किसानी का कार्य करता था, दो दिन पूर्व किसान के खाते में किसान सम्मान निधि का पैसा आया। पैसा निकाल कर किसान शराब पीने लगा। सोमवार को भी दारू पी और नशे की हालत में गिरते हुए घर आया, परिजनों ने चारपाई पर लेटा दिया। शाम लगभग 7 :30 बजे जब वह नही जागा तो स्वजन गांव के एक डॉक्टर को लेकर आये जिन्होंने मृत घोषित कर दिया।

### खेत में बकरी घुसने को लेकर किसान से मारपीट

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लुहियापुर में खेत में बकरी घुसने को लेकर हुए विवाद में एक किसान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। गांव निवासी राजेश पुत्र राम लखन अपने खेत की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों की बकरियां उनके खेत में घुस गईं जानवरों को खेत से बाहर निकालने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, कुछ लोगों ने उससे मारपीट की।

# रामगंगा नहर में डूबे युवक का शव दूसरे दिन बरामद

## डमरपुर स्थित रामगंगा नहर में रविवार को डूब गया था युवक

संवाददाता औरैया



मौके पर मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेला थाना क्षेत्र के डमरपुर स्थित रामगंगा नहर में डूबे युवक का शव सोमवार को दूसरे दिन देर शाम बरामद हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब दो बजे कानपुर देहात के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के महेंद्र नगर बंगाली कॉलोनी निवासी तीन दोस्त—विदान बंगाली (40) पुत्र विमल सेन, विवेक (32) पुत्र विमल सील और शेखर (20) पुत्र नारायण—उमरपुर झाल के पास पहुंचे थे। तीनों ने वहां बैठकर शराब पी और इसके बाद नहर में नहाने के लिए कूद गए। कुछ देर बाद विवेक और शेखर तो बाहर आ गए, लेकिन विदान गहरे पानी में डूब गया।

घटना के दौरान आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। निखिल मंडल ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेला थाना को अवगत कराया। देर शाम तक स्थानीय गोताखोरों और पुलिस ने नहर में तलाश की, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला।

सोमवार सुबह जालौन-उरई से एसडीआरएफ की टीम उपनिरीक्षक कुमार सौरभ सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और स्टीमर की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।

इसी बीच, विजय सरकार पुत्र विश्वनाथ निवासी बंगाली कॉलोनी, रसूलाबाद ने सूचना दी कि डमरपुर झाल में डूबे विदान सेन बंगाली का शव ग्राम ढकपुरवा आजनपुर (रसूलाबाद थाना क्षेत्र) में नहर में मिल गया है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और रसूलाबाद थाना पुलिस को भी जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष बेला गंगादास गौतम ने बताया कि शव मिलने की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### विवाहिता को घर से निकालने का आरोप

**औरैया।** बिधूना थाना क्षेत्र में एक विवाहिता को घर से निकालने का मामला सामने आया है। मंगलवार को कोतवाली पहुंची नम्रता ने बताया कि रतनपुर बंथरा स्थित उनके ससुराल में ससुर, सास और देवर ने जबरन घर में ताला लगाकर उन्हें बाहर कर दिया। पीड़िता का कहना है कि ताला लगाए जाने का विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। घर से निकाले जाने के बाद वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ रिश्तेदारों के यहां रहने को मजबूर हैं। वहीं, ससुराल पक्ष ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि जब से उनका बेटा जेल गया है, तब से नम्रता अपने मायके में रह रही हैं। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# शेफ कृष्ण कुमार की प्रेरणादायक उड़ान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सफलता की चमक वहीं तक पहुंचती है, जहां मेहनत की जड़ें गहरी होती हैं। इस कहावत को सच कर दिखाया है शेफ कृष्ण कुमार ने जिनका सफर उत्तर प्रदेश की मिट्टी से शुरू होकर आज न्यू जर्सी तक पहुंच चुका है।

14 वर्षों के समृद्ध अनुभव के साथ वे आज अंतरराष्ट्रीय पाक कला जगत में एक मजबूत पहचान बना चुके हैं। कृष्ण कुमार मूल रूप से जनपद इटावा के निवासी हैं और वह मंगलवार को औरैया स्थित अपने रिश्तेदारी में मोहल्ला बनारसी दास आए थे। उन्होंने पूरी जानकारी दी। अपने करियर के शुरुआती दौर में उन्होंने भारत के प्रतिष्ठित होटलों जैसे द लीला गुड़गांव,



खाना बनाते शेफ कृष्ण कुमार।

हिल्टन जयपुर, जय महल पैलेस और रेडिसन इंदौर में अपनी सेवाएं दीं। इन संस्थानों में काम करते हुए उन्होंने स्वाद, प्रस्तुति और गुणवत्ता का गहरा अनुभव हासिल किया। आज वे अमेरिका में द इम्पीरिया ढावा के माध्यम से भारतीय व्यंजनों का जादू बिखेर रहे हैं। खासतौर पर उनके बनाए 'दम आलू' और 'गुझिया' लोगों को भारतीय संस्कृति से जोड़ते हैं। धीमी आंच पर तैयार दम आलू और मावे से भरी शाही गुझिया विदेशी धरती पर भारतीय स्वाद और त्योहारों की मिठास का अहसास कराते हैं। इसके अलावा, वे गलौटी कबाब, दाल मखनी और अवधी बिरयानी जैसे पारंपरिक व्यंजनों के जरिए भारतीय खानपान की समृद्ध विरासत को वैश्विक पहचान दिला रहे हैं। शेफ कृष्ण कुमार की यह यात्रा न सिर्फ उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा भी है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि अगर जुनून और समर्पण हो, तो कोई भी सपना दूर नहीं।

# अपहरण-दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- बिधूना थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में हुई थी घटना

**अमृत विचार।** जनपद के बिधूना थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 के एक गंभीर आपराधिक मामले में न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया है। किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के दोषी विकास को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही उस पर 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

विशेष लोक अभियोजक मदुल मिश्र के अनुसार, घटना 13 नवंबर 2019 की है। वादी ने बिधूना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब परिवार के सदस्य खेत पर काम करने गए थे, उस दौरान उनकी 15 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। इसी बीच फिरोजाबाद के भगवान नगर निवासी विकास उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।



पुलिस ने विवेचना के दौरान अन्य नामजद आरोपियों की संलिप्तता को असत्य पाया। बाद में किशोरी को बरामद कर विकास के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम कोर्ट में हुई। सोमवार को विशेष न्यायाधीश अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष ने दोषी के लिए कड़ी सजा की मांग की थी, जिसे न्यायालय ने स्वीकार किया।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर बदमाश

संवाददाता, रुरुगंज

**अमृत विचार।** बिधूना कोतवाली क्षेत्र की रुरुगंज पुलिस चौकी को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ग्राम देवरांव में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

उनके कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस तथा चोरी किया गया माल बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक राजेश कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध असलाह के साथ कछपुरा मोड़ से सोहनी गांव की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

आरोपियों की पहचान गुलसार अली उर्फ निहुरा (22 वर्ष) एवं अहमद अली (करीब 20 वर्ष), निवासी ग्राम देवरांव, थाना बिधूना के रूप में हुई। तलाशी के दौरान गुलसार अली के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस तथा 1200 रुपये नकद बरामद हुए, जबकि अहमद अली के पास से 1800 रुपये नकद मिले। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने शनिवार रात को सोवरन सिंह प्रजापति के घर में चोरी करना स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि अलमारी से जेवरात चोरी किए थे, लेकिन अधिकतर जेवर नकली होने के कारण उन्हें गांव के एक टावर के पास झाड़ियों में छिपा दिया था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने मौके से आर्टिफिशियल गले का हार, झुमके, मंगलसूत्र का लॉकेट समेत अन्य आभूषण बरामद किए। बरामदगी की वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि एक अंगूठी को आरोपियों ने दिबियापुर क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति को बेच दिया था।

### फील्ड प्रशिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**औरैया।** शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित फील्ड प्रशिक्षकों को दूसरे दिन का प्रशिक्षण दिया गया

। प्रशिक्षण के दौरान दूसरे दिन जिला जनगणना प्रभारी ज्योति वर्मा व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के पूर्व मकान सूचीकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि गणना के समय आंकड़ों के संग्रहण के लिए देश में पहली बार डिजिटल मोड का प्रयोग किया जा रहा है जिससे उसका संग्रहण के साथ-साथ आम जन के व्यक्तिगत विवरणों को भी सुरक्षित किया जा रहा है। बताया कि इस जनगणना में आमजन विवरण स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भर सकते हैं जिसे प्रगणक द्वारा सत्यापित भी किया जाएगा।



मनोनीत सभासद का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### नगर पंचायत फफूंद के मनोनीत सभासद बनने पर प्रेम कुमार गुप्ता सम्मानित

**फफूंद, औरैया।** उत्तर प्रदेश शासन के नगर विकास अनुभाग ने औरैया की नगर पंचायत फफूंद के लिए नामित सदस्यों की सूची जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार, फफूंद नगर पंचायत के लिए प्रेम कुमार गुप्ता, अनुज दुबे और मिथलेश राजपूत को नामित सदस्य नियुक्त किया गया है। शासन का मानना है कि इन अनुभवी सदस्यों के जुड़ने से नगर पंचायत के विकास कार्यों और प्रशासनिक निर्णयों में पारदर्शिता एवं गति आएगी। मनोनयन की सूचना मिलते ही प्रेम कुमार गुप्ता के समर्थकों और स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह देखा गया। नगर वासियों ने प्रेम कुमार गुप्ता को फूल-मालाओं से लाद दिया और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। स्वागत समारोह के दौरान प्रमोद तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष, रानू अग्निहोत्री जिला प्रतिनिधि, गोपाल कृष्ण मिश्रा मीडिया प्रभारी, मुन्ना शुक्ला, मानवेंद्र पोरवाल, आदि लोगों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इन नियुक्तियों के बाद स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की उम्मीद जग गई है। नवनियुक्त सदस्यों ने विश्वास दिलाया है कि से साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सड़कों की स्थिति को सुधारने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### डॉ. रमन सेंगर बने भाकियू (भानू) के प्रदेश मुख्य महासचिव

**औरैया।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने संगठन का विस्तार करते हुए बिधूना तहसील के अछल्दा निवासी डॉ. रमन सेंगर को प्रदेश मुख्य महासचिव (भ्रष्टाचार निवारण सेल) नियुक्त किया है। यह मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह के निर्देश पर किया गया। डॉ. सेंगर ने संगठन का आभार जताते हुए किसानों के हित में कार्य करने और भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाने का संकल्प लिया। उनके मनोनयन पर संगठन के पदाधिकारियों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने खुशी जताते हुए बधाई दी। इस मनोनयन पर संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता ठाकुर दीपू सिंह समेत कई पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने डॉ. सेंगर को बधाई दी। इनमें नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण दुबे, प्रवक्ता प्रेम नारायण दुबे, प्रधानाचार्य राजीव यादव, एडवोकेट सुशील दीक्षित, बब्लू दुबे, डॉ. बिनय तोमर, संजय सिंह (प्रधान), भमर सिंह (अध्यापक), राकेश सिंह सेंगर, बृजेश दीक्षित, योगेश बाजपेयी, संजीव त्रिपाठी (पत्रकार), पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिश्रनाथ सेंगर, ज्योतिष आचार्य अभिमन्यु पाराशर (राजस्थान) सहित अनेक लोग शामिल रहे।



स्वागत करते लोग। अमृत विचार

आयोजन | जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु एवं विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित रहे

# नवरात्र व ईद को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई

संवाददाता, कुदरकोट, औरैया

**अमृत विचार।** आगामी त्यौहार नवरात्र व ईद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कुदरकोट थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष ने की, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु एवं विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता के संदेश के साथ हुई। थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने कहा कि दोनों त्यौहार हमारे देश की गंगा-जमुनी तहजीब के प्रतीक हैं और इन्हें मिल-जुलकर



बैठक के दौरान निर्देश देते थाना अध्यक्ष। अमृत विचार

मनाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी लोगों से सहयोग की अपील की। बैठक में विशेष रूप से कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। साथ ही, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा गया। पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि त्यौहारों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा लगातार गश्त की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और जनता के सहयोग से दोनों त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद कन्नौज

पत्रांकः– 4887/ के0जे0/क0अनु0/2025–26     दिनांकः 17.03.2026

**उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (1) ख के अन्तर्गत नाम परिवर्तन/ नामांकन की सूचना**

एतद द्वारा सभी हितबद्ध भवन स्वामियों / हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, कि कालम संख्या 02, 03, 04, 05, 06 पर अंकित विवरणपर यदि किसी भवन स्वामी / किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के दिनांक से तीस दिन (30 दिन) के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति नगर पालिका परिषद कन्नौज के कार्यालय में प्राप्त करा दे निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तिय पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा नाम परिवर्तन / नामांकन को अंतिम रूप प्रदान करते हुए प्रस्तावित नाम को कर निर्धारण रजिस्टर में अंकित कर दिया जाएगा जिसके लिए नगर पालिका उत्तरदायी नही होगी। यह नाम परिवर्तन / नामांकन के वल गृहकर, जलकर की अदायगी पर ही प्रभावी होगा इससे किसी सम्पत्ति का स्वामित्त घोषित नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 | मोहल्ले का नाम जिसमें स्थित सम्पत्ति का नाम परिवर्तन/नामांकन प्रस्तावित है | विधमान भवनस्वामी/ विक्रेता का नाम | प्रस्तावित नाम आवेदक का नाम जो भवन/ भूखण्ड पर दर्ज किया जायेगा। | गृहकर, जल कर के लिए मकान /भूखण्ड पर स्वामित्व परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 279 | अलाउद्दीनपुर | श्री गनेश प्रसाद अवस्थी पुत्र स्व0 श्री शिव कुमार अवस्थी व श्रीमती श्रीदेवी अवस्थी पत्नी श्री गनेश प्रसाद अवस्थी (नि0 मो0 अलाउद्दीनपुर कन्नौज) | श्री अरून कान्त अवस्थी उर्फ अरून कुमार अवस्थी पुत्र श्री गनेश प्रसाद अवस्थी (नि0मो0 अलाउद्दीनपुर कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 2 | 98 | बाजार कला/ बड़ा बाजार | श्रीमती पदमा देवी पत्नी श्याम सिंह व श्री अभय शंकर सक्सेना पुत्र स्व0 श्री बृहमशंकर (नि0 मो0 बड़ा बाजार कन्नौज) | श्रीमती इन्दू सक्सेना पत्नी श्री विजयशंकर सक्सेना (नि0मो0 बड़ा बाजार कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 3 | 11 | होली | श्री वसंत लाल आदि पुत्र बल्देव प्रसाद (नि0मो0 होली कन्नौज) | श्रीमती शशी पत्नी स्व0 श्री मनोज कुमार मिश्रा श्री प्रमोद, सुनील मिश्रा पुत्र स्व0 श्री बसन्तलाल मिश्रा (नि0मो0 होली कन्नौज) | वारिसान व मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 4 | 47 का आं0 भाग | होली | श्री मनोज कुमार, प्रमोद कुमार व श्री सुनील कुमार, पुत्रगण स्व0 श्री बसन्त लाल (नि0 मो0 होली कन्नौज) | श्री सर्वेश कुमार व आशीष कुमार पुत्रगण श्री बसन्त लाल (नि0मो0 होली कन्नौज) | वारिसान व मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीकृत वसीयत के आधार पर। |
| 5 | 41 | कानून गोयान | श्री मोहन कश्यप पुत्र श्री रामेयश्वर दयाल कश्यप व श्री नन्हें, फकीरे पुत्र श्री मैकू (नि0मो0 कानून गोयान कन्नौज) | श्री मान सिंह व वीर बहादुर पुत्र स्व0 श्री राजाराम (नि0मो0 काजीटोला कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 6 | 519 का आं0 भाग | सरायमीरा | श्री रामशंकर व उमाशंकर पुत्रगण स्व0 श्री नत्थू (नि0 मो0 गल्ला बजरिया सरायमीरा कन्नौज) | श्री शिव कुमार यादव पुत्र श्री कन्हैयालाल यादव (नि0मो0 देविन टोला कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 7 | 520 का आं0 भाग | सरायमीरा आं0 | श्री वैभव मिश्रा पुत्र स्व0 श्री जयकृष्ण मिश्रा व कु0 प्रगति मिश्रा पुत्री स्व0 श्री जयकृष्ण मिश्रा (नि0मो0 जी0 टी0 रोड सरायमीरा कन्नौज) | श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री शिव कुमार यादव (नि0मो0 देविन टोला सरायमीरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 8 | 14 | काजीपुरा कन्नौज | श्री जगन्नाथ उर्फ जगनू पुत्र स्व0 श्री बल्ला (नि0मो0 काजीपुरा कन्नौज) | श्रीमती सायरा बेगम पत्नी श्री मतीन अहमद व श्रीमती शबनम बेगम पत्नी श्री शकील अहमद (नि0मो0 मुकरी टोला कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 9 | 157 | काजीपुरा | श्री उदयभान पुत्र श्री राम भरोसे (नि0म0 नं0 587 सोराज नगर कानपुर नगर) | श्री त्रिवेणी सिंह पुत्र स्व0 श्री महादेव (नि0माठे काजीपुरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 10 | 36 | कागजियाना | श्री फैय्याज हुसैन उर्फ लल्लन पुत्र हवीव उल्लाह (नि0मो0 कागजियाना कन्नौज) | श्री लियाकत हुसेन, जुलफिकार पुत्रगण स्व0 फय्याज हुसेन उर्फ लल्लन व श्री जन्नतुन निशा व फूल जहां पुत्री स्व0 फय्याज हुसेन उर्फ लल्लन (नि0 मो0 कागजियाना कन्नौज) | वारिसान व मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 11 | 100 | हाजीगंज कलॉ | श्री इस्माईल बेग पुत्र श्री इकराम (नि0मो0 हाजीगंज कन्नौज) | श्री अकबर बेग पुत्र श्री इस्माईल बेग (नि0मो0 हाजीगंज कलॉ कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 12 | नया प्लाट | नसरापुर | श्री रामपाल पुत्र स्व0 श्री खरगाइ (नि0मो0 नसरापुर पो0 मकरन्दनगर कन्नौज) | श्री रवी कुमार पुत्र श्री शिवाधार उर्फ शिब्बू (नि0 मो0 नसरापुर पो0 मकरन्दनगर कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 13 | नया प्लाट | मौजा अकबरपुर सरायघाघ | श्री अमीचन्द्र पुत्र स्व0 श्री सुखवासी जाटव (नि0मो0 अकबरपुर सरायघाघ कन्नौज) | श्रीमती मयंका पत्नी श्री अनिल कुमार त्रिपाठी (नि0मो0 अकबरपुर सरायघाघ डाकघर मकरन्दनगर कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 14 | नया प्लाट | काजीटोला | श्री महबूब अहमद पुत्र श्री महमूद अहमद (नि0 मो0 काजीटोला कन्नौज) | श्री मो0 सालिम पुत्र श्री महमूद अहमद (नि0मो0 काजीटोला कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 15 | नया प्लाट 1/2 भाग | युसुफपुर भगवान | श्री जगदेव प्रसाद प्रसाद पुत्र श्री शिवनरायन व श्री खुशीराम पुत्र श्री नन्हें लाल (नि0 मो0 युसुफपुर भगवान कन्नौज) | श्री राजेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र श्री मंगल सिंह राजपूत (नि0 मो0 छिपट्टी कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 16 | नया प्लाट | मौजा अकबरपुर सरायघाघ | श्री श्री ग्रीशचन्द्र दुबे पुत्र श्री रमाशंकर व श्री मोहित व अनुज पुत्रगण श्री गिरीशचन्द्र (नि0मो0 फर्श कन्नौज) | श्रीमती अत्तो देवी पत्नी श्री विमलेश कुमार त्रिपाठी (नि0 ग्राम टड़वा मौजा क्योस्ट गागेमऊ तह0 व जि0 कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 17 | 299 | अजयपाल | श्री मो0 शफीक सिद्दीकी पुत्र श्री मोहम्मद अहसन (नि0मो0 मुबारकपुर टीला कन्नौज) | श्री कृष्ण पुत्र श्री रूपलाल (नि0मो0 अजयपाल कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 18 | 97 | भटपुरी | श्री मोहम्मद सईद खां उर्फ सईद हसन उर्फ सहीद हसन पुत्र नसरुल्लाा खां (नि0ग्राम सारोतोप पो0 गोधनी कन्नौज) | श्री शहरून निशा पत्नी श्री आमिर हसन (नि0ग्राम सारोतोप पो0 गोधनी कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 19 | 195 | बजरिया सैय्यद मोहम्मद | श्री हासीम सलमानी पुत्र नसीम सलमानी (बजरिया सैय्यद मोहम्मद कन्नौज) | श्री मो0 वसीम पुत्र मुनव्वर अहमद (नि0मो0 अहमदी टोला कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 20 | 136 आं0 भाग | सिपाही ठाकुर | श्री प्रभात सैनी पुत्र श्री अरविन्द कुमार सैनी (नि0मो0 युसुफपुर भगवान कन्नौज) श्री शानू प्रकाश व भानू प्रताप पुत्र राज कुमार व रामादीन पुत्र ग्यालाल (नि0मो0 सिपाही ठाकुर कन्नौज) | श्रीमती पूनम पत्नी स्व0 श्री विजय कुमार (नि0 मो कटरा बहादुर कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 21 | नया प्लाट | सदरपुर टीला | श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री हरिशचन्द्र (नि0 मो0 बजरिया सैय्यद मोहम्मद कन्नौज) | श्री अफरोज पुत्र श्री मोहम्मद असलम (नि0मो0 मीरा टोला कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 22 | नया प्लाट | सरायमीरा | श्रीमती सुनीता सिंह पत्नी श्री शिवेन्द्र बहादुर सिंह (नि0ग्राम लिधौरा पो0 छछूंद तह0 विधूना वि0 औरेयो) | श्री अवधेष कुमार पुत्र चन्द्रवली दुबे (नि0ग्राम ऑटी पो0 मलिकापुर परगना व तह0 व जि0 कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 23 | नया प्लाट | कन्नौज बांगर | श्रीमती शीला पत्नी स्व0 श्री विपिन नरायन (नि0मो0 अशोक नगर सरायमीरा कन्नौज) | श्री सुमित कुशवाहा पुत्र श्री श्रीपाल कुशवाहा (नि0मो0 युसुफपुर भगवान कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 24 | नया प्लाट | सरायमीरा | श्री आनन्द कुमार पुत्र स्व0 श्री सुभाषचन्द्र (नि0मो0 अम्बेडकर नगर सरायमीरा कन्नौज) | श्री अलकेश कुमार दुबे, अवधेश कुमार दुबे पुत्र श्री चन्द्रवली दुबे (नि0 ग्राम ऑटी पो0 मलिकापुर तह0 व जि0 कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 25 | 98 | युसुफपुर भगवान | श्री कृष्णा पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार उर्फ सुरेन्द्र कुशवाहा (नि0मो0 युसुफपुर भगवान कन्नौज) | श्री अजीत व कृष्णा पुत्रगण श्री सुरेन्द्र कुमार उर्फ सुरेन्द्र कुशवाहा (नि0मो0 युसुफपुर भगवान कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कन्नौज

## न्यूज ब्रीफ

### बीवी पर उत्पीड़न का आरोप, तहरीर दी

**सुमेरपुर।** चंद्रपुरवा बुजुर्ग के जमशेद खान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका निकाह 2019 में जलालपुर थाना क्षेत्र के ममना गांव की रेशमा के साथ हुआ था। निकाह के कुछ महीने बाद ही वह मां-भाई से बंटवारा कराकर अलग रहने लगी। 2020 में झगड़ा कर मायके चली गई और 2021 में फैमिली कोर्ट में घरेलू हिंसा का मुकदमा दायर कर दिया, जो अभी विचाराधीन है। अदालत के आदेश पर वह फरवरी 2026 में पत्नी को घर ले आया। वह आए दिन झगड़ा करती है और आत्महत्या की धमकी देती है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

### जहर खाने से युवती की हालत बिगड़ी

**मौदहा।** कस्बे के सिचौली पुरवा की खुशबू (21) पुत्री भगवती प्रसाद ने जहर खा लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन सीएचसी लाए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल सल्फास खाने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**राठ।** चार महीने पहले सड़क हादसें में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। 21 नवम्बर की रात पठानपुरा निवासी दीपक राजपूत धनौरी गांव गया था। रात में कार से लौटते समय ट्रक से कार की भिड़ंत हो गई थी। इस हादसें में दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया था। दीपक का झांसी मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा था। मंगलवार की सुबह दीपक ने दम तोड़ दिया। साले अजय राजपूत ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। दीपक अपने पिता अशोक राजपूत का इकलौता पुत्र था। तीन वर्षीय पुत्र मानस राजपूत, पत्नी खुशबू और मां रामदेवी रोती-बिलखती रहीं।

### संदिग्ध हालात में किशोरी लापता

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पिता ने गांव की एक महिला पर आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पिता ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार दोपहर बेटी पेट दर्द का इलाज कराने के लिए 50 रुपये लेकर घर से निकली थी। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया। पिता ने आशंका जताई है कि गांव की एक महिला उनकी बेटी के लगातार संपर्क में थी। उनका आरोप है कि महिला ही उनकी बेटी को अपने साथ कहीं ले गई है।

### वीडियो कॉल के बाद फंदा लगा दी जान

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के टीहर गांव के रमेश कुशवाहा ने अपनी पुत्री मालती (25) की शादी 2022 में मौदहा के उरदना गांव में की थी। पति ओमप्रकाश कुशवाहा सूरत में मजदूरी करता है। शादी के बाद वह पत्नी को लेकर सूरत चला गया। दोनों मजदूरी करते थे। शनिवार को 2 बजे पत्नी कमरे में लौट आई। अपने मायके के युवक से व्हाट्सएप में वीडियो कॉल की और फिर फंदा लगा जान दे दी। काम से लौटे पति ने कमरे में पत्नी को लटके देख सन्न रह गया। पति ने बताया कि पुलिस ने जांच-पड़ताल के लिए मोबाइल अपने कब्जे में लिया है। भाई संदीप ने बताया कि गांव के युवक से बातचीत कर फांसी लगाई है। जब बहन की मौत हो गई, तब युवक ने वीडियो कॉल बंद किया।

### भक्ति जीवन के बाद मोक्ष भी तय करती

**मौदहा।** नायक पुरवा के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास मनीष शुक्ला ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हुए। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास गए। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। इस मौके पर परीक्षित बनी कमला देवी शिवहरे सहित नीरज कुमार, सचिन त्रिवेदी, आर्गन वादक मंयक शुक्ला, तबला वादक आचार्य राज शुक्ल, कमलेश कुमार शुक्ला, रामजी शिवहरे, गोवर्धन शरण आदि ने कथा का आनंद लिया।

## फरसे से हमला, किसान को रेलवे पटरी पर फेंका

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने बचाई जान, हमीरपुर रेफर

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव में दबंगों द्वारा एक किसान पर फरसे और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने किसान को अधमरा कर रेलवे पटरी पर फेंक दिया। खेतों की ओर जा रहे किसानों की नजर पड़ने पर उसे पटरी से हटाकर बचाया गया।

ग्राम करहिया निवासी विश्वनाथ पुत्र विश्राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 मार्च की रात करीब आठ बजे वह अपने खेत में मौजूद थे। इसी दौरान गांव के ही पप्पू व मोनू पुत्रगण छोटेलाल वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने फरसे व लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। आरोप है कि इसके बाद हमलावर उन्हें रेलवे पटरी पर डालकर मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद खेतों की ओर जा रहे किसानों ने पटरी पर घायल पड़े किसान को देखा तो तुरंत उसे वहां से हटाकर परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल किसान को इलाज के लिए कस्बे की सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## दलित किशोर पर चाकू से हमला

**मौदहा।** कस्बे में सामान खरीदने गए दलित किशोर पर तीन युवकों ने न केवल बेल्टों से बेरहमी से मारपीट की, बल्कि चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

कस्बे के मराठीपुरा के राजेश बाल्मीकि का पुत्र दीपक कुमार (17) 26 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे कोतवाली के पास एक दुकान से पेटीज खरीदने गया था। आरोप है कि वहां आदित्य गुप्ता, दीपक गुप्ता और सूर्या ठाकुर ने दीपक को घेर लिया और गालियां देने लगे। विरोध करने पर बेल्टों से पीटना शुरू कर दिया। चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## चौरादेवी परिसर में होगा हमीरपुर महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 23 से 27 मार्च तक चौरादेवी परिसर में होगी महोत्सव की धूम
- जिलाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर महोत्सव की रूपरेखा प्रस्तुत की

**अमृत विचार।** आगामी 23 से 27 मार्च तक चौरादेवी परिसर में महोत्सव की धूम मचेगी। पांच दिनों तक आयोजित होने वाले हमीरपुर महोत्सव को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने प्रेस वार्ता कर तैयारियों की जानकारी दी। इसका मुख्य उद्देश्य संस्कृति और विरासत का वृहद प्रचार-प्रसार करना है।

प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बताया कि 23 से 27 मार्च तक चौरा देवी परिसर में हमीरपुर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अपनी संस्कृति और विरासत का वृहद प्रचार-प्रसार करना इसका मुख्य उद्देश्य है। महोत्सव के दौरान आम जनमानस को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय प्रदर्शनी तथा अपने जनपद के ओडीओपी उत्पादों सहित अन्य जनपदों के ओडीओपी उत्पादों के स्टॉल भी उपलब्ध रहेंगे।



हमीरपुर महोत्सव को लेकर जानकारी देते डीएम और सीडीओ। अमृत विचार

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर के विशिष्ट कलाकारों को भी स्थान दिया गया है। उन्होंने जानकारी दी है कि हमीरपुर महोत्सव को लाभकारी और ज्ञानवर्धक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की गोष्ठियों जैसे किसान, वन एवं पर्यावरण आदि का भी आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी चित्रगुप्त सिंह सहित अन्य अधिकारी व पत्रकार मौजूद रहे।

### भजन संध्या के साथ कॉमेडी नाइट्स

- हमीरपुर महोत्सव में हर वर्ग के मनोरंजन के लिए विशेष इंतजाम रहेंगे। जहां बच्चों के लिए ड्रोन शो, स्पेस लैबोरेटरी, प्लेनेटोरियम आदि कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की गई है, वहीं महोत्सव में धूम मचाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। मुख्य रूप से भजन संध्या, कॉमेडी नाइट्स, यमुना आरती, लोक नृत्य और लोक संगीत आदि के कार्यक्रम शामिल किए गए हैं, ताकि लोगों का मनोरंजन हो सके।

## बुकिंग और ओटीपी बढ़ा रही रसोई गैस की टेंशन

### सिलेंडर का संकट खड़ा होने से होटलों में धधकने लगीं भट्ठियां

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में गैस का कोई संकट नहीं है। सप्ताह में एकाध दिन छोड़कर प्रतिदिन गाड़ी आ रही है। समस्या बुकिंग और ओटीपी को लेकर खड़ी हो रही है। इसी को लेकर वितरण में परेशानी हो रही है। फिलहाल डोर टु डोर सिलिंडर भेजने की प्रक्रिया रोक दी गई है। एजेंसी से ही एजेंसी संचालक अपनी देखरेख में वितरण करा रहे हैं। सिलेंडर का संकट खड़ा होने पर होटलों में भट्ठियां धधकने लगी हैं। लोग लकड़ी के गिट्टक इस्तेमाल कर रहे हैं।

कस्बे की एकमात्र गैस एजेंसी के संचालक अखिलेश पालीवाल ने बताया कि गैस का कोई संकट नहीं है। सप्ताह में एकाध दिन को छोड़कर प्रतिदिन गाड़ी आ रही है।



गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

यह कोई नई बात नहीं है पूर्व में भी ऐसा होता रहा है। सबसे बड़ी समस्या बुकिंग और ओटीपी को लेकर खड़ी हो रही है। इसी वजह से डोर टू डोर सप्लाई रोक कर एजेंसी से ही अपनी देखरेख में वितरण करा रहे हैं, ताकि ग्राहकों को शिकायत का मौका नहीं मिल सके। वहीं सिलिंडर का संकट होने से होटल संचालक भट्ठी का सहारा लेने लगे हैं। रेलवे स्टेशन के बाहर होटल चलाने वाले बाबू गुप्ता ने बताया कि गैस सिलेंडर का संकट खड़ा होने के बाद उन्होंने पूर्व की तरह भट्टी जलानी शुरू कर दी है। इससे कारोबार भी प्रभावित नहीं हो रहा है।

## कुरारा में गैस को लेकर काटा हंगामा

**कुरारा।** कस्बे के इंडेन गैस एजेंसी में गैस को लेकर हंगामा हुआ। कर्मचारियों पर किताबें फेंकने का आरोप लगाया। बाद में पुलिस की मौजूदगी में सिलेंडर बांटे गए।

गैस एजेंसी में मंगलवार को सुबह से लंबी लाइन लग गई और किताब जमा करने के लिए धक्का मुक्की शुरू हो गई। हंगामा मामला बढ़ता देख एजेंसी संचालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में गैस सिलेंडर बांटे गए। जल्ला गांव के शिवम ने एजेंसी कर्मचारियों पर किताब फाड़ने व फेंकने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्टॉक होने के बाद भी बहाना बनाया जाता है। उधर इंडेन गैस एजेंसी संचालक धर्मेंद्र पालीवाल ने बताया कि पहले गैस लेने को लेकर उपभोक्ताओं मे आपस में बुक जमा करने को लेकर जमीन में गिरा दी। किताब फेंकने व फाड़ने का आरोप निराधार है। जांच करने आए पूर्ति विभाग के अधिकारियों के सामने भी उपभोक्ता हंगामा करते रहे, जबकि डिलीवरी की गाड़ियां लगातार क्षेत्र में जा रही है। फिर भी क्षेत्र के लोग यहां पर गैस लेने के लिए भीड़ लग रहे हैं।

## भाकियू की मासिक पंचायत में गूंजीं किसानों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- किसानों की समस्याओं पर सात सूत्रीय ज्ञापन एडीएम को सौंपा
- मौदहा डेम की नहरों में टेल तक पानी आपूर्ति की उठाई गई मांग

**अमृत विचार।** जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में मासिक पंचायत की। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी से संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा है।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि जनपद की बेतवा केन नदी में हो रहें बालू के अवैध खनन पर शासनादेश का अनुपालन सख्ती से कराया जाए। माह के तीसरे बुधवार को होने वाली किसान दिवस कृषि विज्ञान केंद्र कुरारा के बजाय कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित करने, इस वर्ष गेहूं की बुआई लेट हुई है। खास तौर पर मौदहा डैम से निकली नहरों द्वारा अंतिम टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है मुश्किल से किसानों को एक ही पानी मिल पाया तथा दूसरा पानी न मिलने के कारण फसलें सूखने



एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। अमृत विचार

की कगार में पहुँच चुकी है। गर्मी को देखते हुए खंडेह गांव में पीने हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने, श्रम प्रवर्तन कार्यालय में पंजीकृत मजदूरों को वर्ष 2020-21 में पुत्री विवाह योजना के अन्तर्गत लम्बित फाइलों का भुगतान करने, बैंक एवं बिजली के बकायेदारों के संपूर्ण कर्जे माफ करने सहित सात सूत्री मांग की है। इस मौके पर डॉ भूपेंद्र सिंह भदोरिया, संतोष कुमार निषाद, दयाशंकर, रमाकांत, रज्जू प्रसाद, मुन्ना, पारस सैनी, बालवीर वर्मा, राम रतन सिंह, सोना देवी, शिवकरण मिश्रा आदि भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परीक्षा देने निकली इंटर की छात्रा का अपहरण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- फतेहपुर निवासी बहनोई और उसके साथियों पर मुकदमा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से परीक्षा देने निकली 12वीं की छात्रा को अगवा कर लिया गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मकरांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री कस्बे के गांधी इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा है। बीते 9 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2:00 बजे गांव से परीक्षा देने के लिए निकली थी। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। परिजनों का कहना है कि छानबीन के दौरान पता चला कि फतेहपुर जिले के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के सीतापुर गांव निवासी छात्रा का जीजा इन्द्रजीत अपने साथी जगजीत और अमन के साथ बाइक पर आया था। आरोप है कि यही तीनों छात्रा को जबरदस्ती अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले गए हैं। पिता का कहना है कि जब उन्होंने आरोपी इन्द्रजीत और जगजीत से मोबाइल पर संपर्क किया तो उन्होंने पहले 3-4 दिन में लड़की को वापस घर छोड़ने की बात कही, लेकिन अब उनके मोबाइल फोन स्विच ऑफ आ रहे हैं और छात्रा का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम आरोपियों की लोकेशन ट्रैक करने और छात्रा को सकुशल बरामद करने के प्रयास में जुटी है।

## चकबंदी अधिकारियों पर गंभीर आरोप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कुरारा विकास खंड के उमराहट गांव के ग्रामीणों ने चकबंदी करने वाले अधिकारियों पर पैसा लेकर कीमती जमीनों को चकबंदी में गलत तरीके से नापने का आरोप लगा मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पुनः सर्वे करा कर चक दोबारा काटे जाने की मांग को लेकर एडीएम राकेश कुमार को ज्ञापन सौंपा है।

उमराहट गांव निवासी मनोज कुमार, राजा श्याम सिंह, बाबू सिंह, विपिन कुमार, बलबीर, कामता, मुन्ना, रंजीत, रामदास आदि ग्रामीणों ने दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि उनके गांव में चकबंदी का कार्य किया जा रहा है। जिसमें चकबंदी करने वाले अधिकारियों द्वारा रुपये लेकर भारी अनियमितता की गई है। सड़क किनारे व ट्यूबवेल की जमीनों के गलत तरीके से चक काट दिये गये है,



एसडीएम को ज्ञापन देते उमराहट गांव के किसान। अमृत विचार

जिससे ट्यूबबेल भी प्रभावित हो गये है। जंगल व गड्ढों की जमीन वालों से रुपये लेकर सड़क किनारे की कीमती जमीन दे दी गई है। उनकी कीमती जमीन को गड्ढे में डालकर चक काट दिया है। आरोप लगाया कि अधिकारियों ने मनमर्जी से बिना स्थल पर जाए हुए चक काट दिए है। उन्होंने पुनः सर्वे कर चकबंदी कराने की मांग की है।

### कार्यकत्रियों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

- **राठ।** ब्लाक सभागार में मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने व्यवस्थाओं के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। प्रशिक्षण में मिलने वाले खाने को देखकर गुस्सा भड़क उठा। इसके बाद हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना है कि प्रशिक्षण में कोई भी सुविधा नहीं दी जा रही है। पंखे तक नहीं चल रहे हैं। शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है। उन्हें खुले में जाना पड़ता है। घटिया खाना दिया जाता है।

## ईओ पर थप्पड़-चप्पल मारने का लगा आरोप

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

- ड्राइवर ने कोतवाली में तहरीर दी मामले की जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी के ड्राइवर ने अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर पर चप्पल और थप्पड़ मारने का गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली प्रभारी को तहरीर सौंपी है। पीड़ित का आरोप है कि ईओ ने उसे गालियां भी दीं।

विकास मधुपिया नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग चालक है। उसने बताया कि मंगलवार को सुबह वह डी ट्रिपल सी की मीटिंग में शामिल होने के लिए अपनी गाड़ी लेकर एमआर सेंटर पहुंचा था। इसी दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज सिंह का फोन आया कि मैम (ईओ) ने उसे और एक अन्य चालक फुरकान को कमरे में बुलाया है। विकास का आरोप है कि जैसे ही वह कमरे में पहुंचा, ईओ ने चिल्लाने लगीं। आरोप लगाया कि उन्होंने ईओ की गाड़ी में कट मारने की कोशिश की थी। इसके बाद चप्पल और थप्पड़ बरसाने लगीं। बालकनी में ले जाकर नीचे गिरा दिया और लातों से मारा। करीब 20 मिनट तक वह पीटती रहीं। इस दौरान पंकज सिंह और सफाई नायक भी वहां मौजूद थे।

पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अधिशासी अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे मामले में जब अधिशासी अधिकारी का पक्ष जानने के लिए उन्हें फोन किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**पीस कमेटी की बैठक** | एसडीएम और नायब तहसीलदार ने जवारा जुलूस की समझी रूपरेखा

## ईद और नवरात्र को लेकर प्रशासन चौकन्ना

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि पर्व व ईद को लेकर थाना जलालपुर में एसडीएम एवं सरीला पुलिस चौकी में नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाने की अपील की गई।

नवरात्रि पर्व व ईद को लेकर मंगलवार को थाना जलालपुर में एसडीएम बलराम गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक में महेश्वरी माता मंदिर समिति से कार्यक्रम की जानकारी ली गई। भेड़ी डांडा गांव में बेतवा नदी किनारे स्थित प्राचीन महेश्वरी माता मंदिर परिसर में विशाल मेला व जवारा जुलूस के



जलालपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम। अमृत विचार

बारे में जानकारी ली गई। सभी से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की गई है। इस मौके पर थानाध्यक्ष जलालपुर रवि कुमार सहित संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

उधर सरीला पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नायब तहसीलदार अखिलेश कुमार ने जुलूस मार्ग व नगर में साफ सफाई के निर्देश नगर पंचायत के कर्मियों को दिए हैं। सभी से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की गई। कस्बे में रामनवमी के दिन जवारा जुलूस निकालने को लेकर जुलूस मार्ग व होने वाले कार्यक्रम के बारे में मंदिर व रामनवमी समिति से जानकारी ली एवं ईद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों से जानकारी ली है। बैठक में थानाध्यक्ष जरिया दिनेश कुमार पाण्डेय व पुलिस चौकी प्रभारी ईश्वर नारायण पांडेय सहित मंदिर समिति व रामनवमी समिति के सदस्य एवं नगर के सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

### कार्यकत्रियों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

- **राठ।** कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक के दौरान एसडीएम अभिमन्यु कुमार और थाना प्रभारी राकेश कुमार ने शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अफवाहों से दूर रहें और संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। बैठक में प्रमुख लोग रहे।

## 27वीं शब-ए-कद्र पर कुरान मुकम्मल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पवित्र महीने रमजान के तीसरे अशरे में मस्जिदों में कुरान मुकम्मल का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार को कस्बा सहित क्षेत्र की लगभग दर्जनों मस्जिदों में कुरान मुकम्मल हुआ। जिसके बाद मस्जिद इंतेजामिया और मोहल्ले वालों ने हाफिजों को नकदी व उपहार सहित फूल मालाओं से लाद कर सम्मानित किया।

सोमवार देर क्षेत्र के ग्राम गुसियारी स्थित बड़ी मस्जिद में कुरान मुकम्मल हुआ। कुरान सुनाने वाले हाफिज मुफ्ती अमजद अली वारसी का ग्राम प्रधान असरार अहमद सहित मस्जिद इंतजामिया ने नकद पुरस्कार सहित फूल मालाओं से लाद कर जोरदार स्वागत किया। वहीं कस्बे के मोहल्ला हैदरिया स्थित मस्जिद पीर बाबा में हाफ़िज़ निहाल, मस्जिद बाकी तलैया में



हाफिज को सम्मानित किया गया।

हाफिज दानिश गफूर, मस्जिद गदाई मोहल्ले में हाफ़िज़ हसन अली सैयद साहब, मस्जिद शाही इलाही तालाब में हाफिज महमूद अहमद, मस्जिद चौधराना में कारी इमरान, मस्जिद तकिया में कारी फारूक साहब, मस्जिद सिजवहिया में हाफिज मुसाहिद अली, मस्जिद बाघू में कारी आसिम, मस्जिद गोहिल में हाफिज मुजम्मिल, मस्जिद छोटा बावा में हाफिज अनस ने कुरान मुकम्मल किया। जिसके बाद मस्जिद इंतजामिया ने हाफिज को नकद राशि सहित अन्य उपहार देकर फूल मालाओं से लाद कर सम्मानित किया। इसी प्रकार सोमवार की रात 27वीं शब-ए-कद्र के मौके पर मस्जिद उपरौस में शबीना का आयोजन हुआ जिसमें हाफिज नदीम, हाफिज इमरान व कारी आसिम ने कुरान मुकम्मल किया। इसी तरह शाही मस्जिद में पेश इमाम मौलाना सोहेल अहमद अत्तारी के द्वारा मस्जिद में जलसा-ए-इस्तेमा व सलातो तस्बीह का आयोजन किया गया। इस मुबारक मौके पर मस्जिद को दुल्हन की तरह फूलों व लाइटिंग से सजाया गया। जिसमे सैकड़ों लोगों ने पूरी रात इबादत की और मस्जिद की सजावट देख लोगों ने मस्जिद इमाम की जमकर सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरकांड पाठ पर जुटे भाजपाई

**महोबा।** भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पार्टी जिला कार्यालय में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ के मौके पर पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक जुटे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी एक परिवार की तरह है और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता मिलकर निरंतर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा और संगठन के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की सेहत जांची

**अजनर (महोबा)।** सीएमओ डॉ. आशाराम एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अम्बुज के निर्देशन में जैतपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके सिंह की देखरेख में आरबीएसके टीम–बी ने कैथोरा आंगनबाड़ी प्रथम केंद्र पर 59 और द्वितीय केंद्र पर 53 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। डॉ. आकांक्षा सोनी ने एनीमिया के लक्षण एवं बचाव के उपाय बताए, जबकि डॉ. पीएन शर्मा ने विटामिन–डी की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. पीएन शर्मा, डॉ. आकांक्षा सोनी, डॉ. अमित गंगेले, एफएचडब्ल्यू संगीता तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुषमा और चमेली उपस्थित रहे।

### पुलिस ने दो गैंगस्टर को पकड़ जेल भेजा

**जालौन।** गैंगस्टर के दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ दबोच लिया। कोतवाली क्षेत्र के छानी खास निवासी छविराम व उदोतपुरा निवासी सेवाराम गोतस्करी में पकड़े गए थे, जिन पर गैंगस्टर की भी कार्रवाई की गई थी। जमानत मिलने के बाद दोनों बाहर थे। सोमवार रात पुलिस को सूचना मिली दोनों आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। चौकी प्रभारी मनीष तिवारी उदोतपुरा पावर हाउस के पास सेवाराम को एक तमंचा और दो कारतूस के साथ पकड़ लिया। उधर, एसआई शैलेंद्र सिंह ने धंतौली मार्ग से छविराम को एक तमंचा और दो कारतूस के साथ पकड़ा है।

# बिजली और पानी की समस्या को लेकर भाकियू का प्रदर्शन

## यूनियन के नेताओं ने सदर तहसील में उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने फिर आवाज बुलंद की। जिलाध्यक्ष रामखिलावन शुक्ला के नेतृत्व में किसानों और यूनियन पदाधिकारियों ने सदर तहसील में प्रदर्शन किया और एसडीएम को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सिंचाई के लिए रात में दी जा रही बिजली आपूर्ति को दिन में किए जाने, दमौरा गांव में नए विद्युत पोल आदि की समस्याओं का निदान कराए जाने की मांग की है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर निस्तारण की उठाई मांग
- बोले, समाधान नहीं हुआ तो शुरू होगा बेमियादी आंदोलन

भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में सरकार की हर घर नल योजना की जमीनी हकीकत पर सवाल उठाते हुए आरोप है कि पाइप लाइन बिछाने के बावजूद कई गांवों में आज तक पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे वहां के लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। बताया कि गर्मी शुरू होने पर पानी का यह हाल है, लेकिन गर्मी जब अपनी चरम पर होगी तो पानी की समस्या और भी बद्तर हो जाएगी। बताया कि बिलबई गांव में एक सार्वजनिक सरकारी रास्ता होने से वे अपने ट्रैक्टर और कृषि यंत्र खेतों तक नहीं ले जा पा रहे हैं। उन्होंने रास्ते की पैमाइश कर उसे तुरंत खुलवाने की मांग की है। यूनियन ने मनरेगा कार्य ठप होने पर भी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि गांवों में मनरेगा के तहत काम नहीं मिल रहा है, जिससे मजदूर और छोटे किसान दूर दराज के शहरों में मेहनत मजदूरी करने के लिए विवश है। मजदूरों के पलायन से गांव में सन्नाटा छाने लगा है। प्रदर्शनकारी किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# मनरेगा मजदूरों का मांगा भुगतान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- भुगतान को लेकर कांग्रेसियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन
- भुगतान नहीं होने से मजदूर परिवारों की मुश्किलें बढ़ीं

**अमृत विचार।** मनरेगा मजदूरों का बकाया भुगतान न किए जाने पर कांग्रेसियों ने डीसी मनरेगा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मजदरों का जल्द से जल्द बकाया भुगतान कराए जाने की मांग की। ढाई माह से मनरेगा मजदूरों का भुगतान न किए जाने से उनका परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है, इसके बाद भी अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ ग्राम रोजगार सेवकों को भी करीब आठ माह से मानदेय नहीं दिया जा रहा है।

ज्ञापन में बताया कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार ने उत्तर प्रदेश में मनरेगा अंतर्गत कार्य करने वाले जिले के हजारो मजदूरों को ढाई माह से मजदूरी नहीं मिल रही है, जिससे उनके परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। इस योजना को जमीनी स्तर पर लागू करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों सहित लगभग 40 हजार संविदा कर्मियों को पिछले आठ माह से मानदेय नहीं मिल रहा है।

ज्ञापन में बताया कि प्रदेश सरकार की यह उपेक्षा हर तरीके से मजदूरों के हित के विपरीत है।



डीसी मनरेगा को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। अमृत विचार

मनरेगा के तहत कई कई माह तक काम करने के बाद भी भुगतान न होने से परेशान तमाम मनरेगा मजदूर परिवार चलाने के लिए मनरेगा का कार्य छोड़कर अन्य स्थानों पर मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश और केंद्र सरकार की इस उपेक्षा की घोर निंदा करते हुए मनरेगा मजदूरों और संविदा कर्मियों का बकाया भुगतान कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष धुरिया, जिला उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, अरविंद द्विवेदी, अमरचंद्र सक्सेना, देशराज रैकवार सहित तमाम कांग्रेसी शामिल रहे।

# विवाद में पति ने डंडे से पत्नी को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- श्रीनगर थाना क्षेत्र के भंडरा गांव की घटना, आरोपी भाग निकला

**अमृत विचार।** पति-पत्नी के बीच काफी दिनों से चल रहे विवाद के चलते मंगलवार को पति ने अपनी पत्नी पर डंडों से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। मरणासन्न हालत में पड़ी महिला की बाद में मौत हो गई। मृतका के पिता ने थाना श्रीनगर में दामाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराए जाने के लिए तहरीर दे दी है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

श्रीनगर के भंडरा गांव निवासी राम सिंह का अपनी पत्नी पवन कुमारी से काफी दिनों से मन मुटाव चल रहा था। आए दिन दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था। मंगलवार को भी किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने पर पति ने पत्नी पर डंडे से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया, और फरार हो गया। घटना की सूचना पर भंडरा गांव पहुंचे मृतका के पिता ने अपने दामाद पर ही बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दे दी है। महिला की मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी जितेंद्र दुबे का कहना है कि मामला संज्ञान में आने पर तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जानकारी करने पर पता चला कि पति-पत्नी के बीच विवाद चलता था और मृतका के पिता ने उसके ही पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है, जिसकी जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। देर रात तक तक अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

# इबादत और तिलावत कर गुजारी शब-ए-कद्र की रात


संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** रमजान शब-ए-कद्र पर मस्जिदें लोगों से गुलजार रहीं। लोगों ने पूरी रात जागकर इबादत, तिलावत की। इस रात की बेइंतहा फजिलत होने के कारण लोग नींद की परवाह न करते हुए रात में दस बजे से मस्जिदों में नमाज, इबादत, तिलावत करने में मशगूल हो गए और अल्लाह ताआला से अपने गुनाहों की माफी के लिए दुआ मांगी। रमजान के आखिरी अशरे को निजात का अशरा कहा जाता है।

रमजानुल माह की शब-ए-कद्र का बड़ा महत्व है। शब का मतलब है रात और कद्र का मतलब सम्मान। इस तरह शब-ए-कद्र का मायना हुआ सम्मान की रात। रमजान की 27वीं शब पर शहर के विभिन्न मस्जिदों और घरों में लोग इबादत तिलावत में मशगूल रहे। शब-ए-कद्र के चलते मस्जिदों में पूरी रात चहल पहल रही। किसी ने नफिल नमाज, तो किसी ने कुरआन की तिलावत की। शब-ए-कद्र दौरान



शब–ए–कद्र की जानकारी देते हाफिज कारी सलीम साहब। अमृत विचार



हाफिज का स्वागत करते कमेटी के लोग। अमृत विचार

- मस्जिदें रहीं गुलजार, सारी रात चाय-पानी का चलता रहा दौर

सलातो तसबीह और तहाजुद की नमाज पढ़ाई गई। कुछ लोग जिक्र-ए-इलाही तो कुछ लोग दरूद शरीफ पढ़कर पूरा रात इबादत कर काटी। लोगों ने अल्लाह तआला से अपने गुनाहों की मांफी और खैरो बरकत की दुआएं मांगी गई।

मस्जिद कमेटियों ने शब-ए-कद्र में इबादत तिलावत करने वाले लोगों के लिए कहीं पर सहरी तो कहीं पर चाय आदि का भी इंतजाम किया। रोजेदारों ने समय पर सहरी की और नियत कर रोजा रखा। फजिर की अजान के बाद नमाजियों ने पेशइमाम के पीछे जमात के साथ फजिर की नमाज अदा कर दुआ मांगी और बुलंद आवाज में सलाम पढ़ने के बाद एक दूसरे से मुसाफा कर अपने घर को चले गए। उधर महिलाओं ने भी घरों पर पूरी रात जागकर शब-ए-कद्र मनाई और इबादत तिलावत की। तमाम महिलाएं घरों में बुलंद आवाज से मीलाद और नतिया कलाम पढ़ती रहीं।

### 27वीं शब पर दो मस्जिदों में कुरान मुकम्मल

**महोबा।** रमजानुल की 27वी शब पर चौसियापुरा और मकनियापुरा की जामा मस्जिद में कुरान मुकम्मल हुआ। चौसियापुरा की मस्जिद में हाफिज कारी मुईन ने तरावीह पढाई, वहीं मकनियापुरा की मस्जिद में हाफिज अहमद रजा 27 दिन तक तरावीह सुनाई। सोमवार को तरावीह पूरी होने पर हाफिजो का फूलमाला पहनाकर इस्तकबाल किया। चौसियापुरा में इशा की नमाज के बाद हाफिज ने तरावीह में कुरआन का तीसवां पारा पढ़कर तरावीह मुकम्मल की। इसके बाद फातिहा पढ़ी गई और देश की तरक्की और आपसी भाईचारे के साथ लोगों को हर परेशानी और बीमारियों से शिफा की दुआं मांगी गई। मस्जिद कमेटी ने हाफिज का फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया और 60786 रुपये, कपड़े मिठाई आदि नजराने के तौर पर दिया। उधर मकनियापुरा की जामा मस्जिद में चांद नजर आने के बाद शुरू हुई तरावीह 27वीं शब को कुरान मुकम्मल करने के साथ ही खत्म हो गई। इस मौके पर हाफिज को नजराना के तौर पर 87000 रुपये दिया गया।

# हादसे में कार सवार पिता पुत्र व बेटी घायल, भर्ती

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** औरैया मार्ग पर चुंगी नंबर चार के पास अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार पिता के साथ बेटा और बेटी भी घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर भाई, बहन को उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया।

कोतवाली डकोर क्षेत्र के ग्राम कुसमिलिया निवासी रामऔतार (52) अपने बेटे संजय (25) व बेटी रीना (30) के साथ किसी काम के चलते फिरोजाबाद गए थे। सोमवार की रात वह वापस अपने पैतृक गांव लौट रहे थे। रात करीब दो बजे उनकी कार चुंगी नंबर चार के पास पहुंची। तभी वहां से निकल रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार का एक हिस्सा पूरा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद कार पलटकर खंदक में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीनों लोग घायल हो गए। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां संजय और रीना की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया।

# पुलिस को कड़ी निगरानी के दिए निर्देश

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** कुलपहाड़ सीओ रविकांत गौड़ ने अजनर थाने के उपनिरीक्षकों, विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाओं व कानून व्यवस्था की समीक्षा। बैठक दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी ने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीकेक से संपन्न कराए जाने से संबन्धित आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने अभियानों की स्थिति, लंबित प्रार्थना पत्रों, आईजीआरएस, शस्त्र लाइसेंस संबन्धी प्रकरणों, गुमशुदगी, बरामदगी के अलावा निरोधात्मक कार्रवाई की समीक्षा की। विवेचकों को सभी लंबित मामलों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही अपराध



बैठक में निर्देश देते पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड। अमृत विचार

- अजनर थाने के उपनिरीक्षकों के साथ क्षेत्राधिकारी ने की बैठक

एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक दौरान पुलिस की डिजिटल कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए यक्ष ऐप, ईसम्मन, ईसाक्ष्य व एसआईडी पोर्टल पर सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं शत प्रतिशत अद्यतन करने के निर्देश दिए गए, जिससे पुलिस कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बन सके।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ने आगामी त्यौहारों ईद, रामनवमी, चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर सतर्क निगरानी रखने, प्रभावी गश्त करने, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग करने के अलावा स्थानीय स्तर पर संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय स्थिति को तत्काल नियंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी प्रकरणों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।



रोजा इफ्तार में शामिल रोजेदार। अमृत विचार

### रोजा इफ्तार में उमड़े रोजेदार और अकीदतमंद

**कालपी (जालौन)।** पवित्र महीने रमजान शरीफ के 25 वें रोजे को बसपा नेता व उद्योगपति दीवान अतीक सिद्दीकी के आवास समेत कई स्थानों में रोजा इफ्तार के सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया तथा मगरिब की नमाज अदा कर के कौम एवं मुल्क की सलामती तथा खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं। नगर के मोहल्ला अदल सराय में स्थित वरिष्ठ वसपा नेता एवं उद्योगपति दीवान अतीक सिद्दीकी के आवास पर हर साल की तरह इस वर्ष भी विशाल रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोजदारों के अलावा बसपा कोऑर्डिनेटर लालाराम अहिरवार पूर्व ब्लाक प्रमुख मलखान सिंह पाल, परवेज कुरैशी, पप्पू सभासद, राजपाल सलोनिया अमन दीवान, उजैफ दीवान, राजेश गौतम अदनान दीवान, अमन कुरैशी, रासु दीवान, बबलू,आदिल कुरेशी समेत भारी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। निर्धारित समय पर रोजदारों ने रोजा इफ्तार किया। तथा रोजदारों तथा नमाजियों ने मगरिब की नमाज अदा करके देश में अमन तथा खुशहाली के लिए अल्लाह पाक से दुआएं मांगी।

**उत्साह** | साहू राठौर समाज ने कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# मां कर्मा देवी की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** साहू राठौर समाज के तत्वावधान में भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एक पैलेस में पहुंची, जहां पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर युवाओं व बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर लोगो का मनोरंजन किया साथ ही समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती



शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

शहर के सरस्वती विद्या मंदिर से ऊदल चौक होते हुए मेन बाजार, सर्राफा बाजार, तहसील चौराहे से गुलाब पैलेस पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर चल रही थी। वहीं डीजे की धुन पर युवा थिरकते हुए नजर आए। शोभायात्रा का मार्ग पर जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा के बाद पैलेस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. वीके साहू और विशिष्ट अतिथि मारुति श्रवण साहू, नीतू ब्रजेन्द्र साहू रहे। इस मौके पर युवक युवतियों और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मां कर्मा देवी के जीवन और उनके आदर्शों को दर्शाया गया, जिसे देख लोगों ने खूब तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वही समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने मां कर्मा देवी के जीवन और उनके आदर्शों पर अपने विचार करते हुए कहा कि देवी की जयंती हमें उनके आदर्शों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उनकी वाणी में सत्य और न्याय की शक्ति थी, जिसने समाज को एक नई दिशा दी, इसलिए हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में जानकी पहलवान, भूपेंद्र साहू, हरप्रसाद साहू, राजू साहू, मनोज साहू, जगदीश प्रसाद साहू, प्रकाश साहू, राजेश साहू, संतोष साहू, रामस्वरूप साहू, सौरभ साहू, सीएल साहू, अमित राठौर, निर्मला साहू, दीपा साहू, शोभा साहू, लक्ष्मी साहू, सरोज साहू, मालती साहू, अनीता साहू, ममता साहू सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

# किसानों को दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता कालपी-जालौन

**अमृत विचार।** भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मन्त्री भूपेन्द्र सिंह ने क्षेत्र के किसानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर शासन की योजनाओं की भी जानकारी दी है।

कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बारा निवासी भूपेन्द्र सिंह क्षेत्रीय मन्त्री भाजपा किसान मोर्चा ने मंगलवार को महेवा और कदौरा क्षेत्र के बरही तिरही, मटरा जोल्हूपुर तथा महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम महेवा बैरई, पिपरौंधा, खैरई आदि गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से समस्याओं की जानकारी ली तो पता चला कि अन्ना गोवंश किसानों की मेहनत को पानी फेर रहे हैं। जबकि शासन की ओर से उनके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर अस्थायी गौशालाएं भी खोली गई हैं। इसके साथ ही किसानों ने उन्हें खाद की समस्या के बारे में भी जानकारी दी तो उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि वह किसानों की समस्याओं की जानकारी शासन तक पहुंचाएंगे। वहीं उन्होंने शासन द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि, कृषकों दुर्घटना बीमा के साथ फसल बीमा के अलावा पशुपालन को भी बढ़ावा देने मे भी मदद कर रही है।

### वरीयता के आधार पर निपटाएं किसानों के काम

**कालपी–जालौन।** मंगलवार को एसडीएम ने लेखपालों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने उन्हें किसानों से सम्बन्धित कार्यो को वरीयता के आधार पर करने के निर्देश दिए है। तहसील सभागार में आयोजित लेखपालों की सप्ताहिक बैठक के दौरान एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा कोई कार्य लम्बित नहीं रहना चाहिए, जिससे किसानों को समस्याएं आए और कानून व्यवस्था के लिए खतरा उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री, कुर्रा, नक्शा दुरूस्ती, आधार कार्ड खतौनी से मेल न खाना, आवंटित पटटे पर कब्जा आदि कार्यो को गम्भीरता से लेना है, जिससे किसान परेशान न हों। इसके साथ ही आय निवास तथा जाति प्रमाण पत्र मे भी समय से रिपोर्ट लगाएं, जिससे जनता को भटकना पड़े। बैठक के दौरान नायब तहसीलदार चन्द्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार, आर आई हरेन्द्र सिंह प्रमोद दुबे, सुरेश यादव के लेखपाल जितेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र वर्मा, आकाश सैनी, विनय सिंह, सहित सभी क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच ओवरलोड ट्रक पकड़े, चालान किया

**राजापुर (चित्रकूट)।** तहसील क्षेत्र के यमुना, पयस्वनी और बागैं नदी से अवैध खनन करने वाले लोगों में उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव की ताबड़तोड़ छापेमारी से दहशत का माहौल है। उप जिलाधिकारी ने बताया कि बीते दिन सरधुआ थाना क्षेत्र की बरद्वारा माइनर के पास औचक निरीक्षण किया गया। इसमें पांच ट्रक ओवरलोड पकड़े गए। इनका ई चालान किया गया। वहीं घाट संचालकों को निर्देशित किया गया कि बिना रवन्ना के किसी भी वाहन को बालू गिट्टी की लोडिंग नही दिया जाए।

### तीन सदस्यीय टीम ने लिया सोशल ऑडिट टीम का साक्षात्कार

**रामनगर।** जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय टीम ने बीडीओ ऑफिस में सोशल ऑडिट टीम के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। टीम में जिला सोशल ऑडिट कोआर्डिनेटर विनोद कुमार, राजकीय विद्यालय घुरेटनपुर के प्रधानाध्यापक प्रकाश सिंह शामिल रहे। बीडीओ राजेश तिवारी ने बताया कि 70 अभ्यर्थियों के आवेदन आए थे, जिसमें 20 लोगों को चयनित किया जाना है। टीम मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित ग्राम स्तर की अन्य योजनाओं का ग्राम पंचायत स्तर पर भौतिक सत्यापन कर ब्लॉक स्तर को अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी।

### सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

**मानिकपुर।** मानिकपुर तहसील क्षेत्र के गांव खरौंध में सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं और भविष्य में क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए और यदि अनियमितता पाई जाए तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# गैस की किल्लत के बीच इंडक्शन चूल्हों की बढ़ी मांग

संजय साहू, चित्रकूट



एचपी गैस एजेंसी के सामने लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन प्रशासन चाहे जितने दावे करे पर घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि दावे करना अलग बात है और वास्तविकता का आकलन अलग। हालात यह हैं कि जहां बुकिंग के कुछ दिन के भीतर सिलेंडर मिलने की बात कही जा रही है, वहीं लोग बुकिंग करने के बाद एजेंसियों के चक्कर लगाते लगाते परेशान हैं कि गैस कब मिलेगी।

जिले के विभिन्न गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की कतारें लग रही हैं। महिलाएं, बुजुर्ग और कामकाजी लोग घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं लेकिन कई बार निराश होकर खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। समस्या ने सबसे ज्यादा असर निम्न व मध्यम वर्गीय परिवारों पर डाला है। दैनिक मजदूरी करने वाले लोग जहां अपना काम छोड़कर लाइन में लगने को मजबूर हैं, वहीं गृहणियों के सामने रसोई चलाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। कई घरों में खाना बनाने का समय प्रभावित हो रहा है, जिससे परिवार की दिनचर्या भी अस्त-व्यस्त हो रही है। कई जगहों पर तो अब लकड़ी और कंडे का जुगाड़ करते भी देखा जा रहा है। उधर, एजेंसियों में भीड़ अधिक

- लोग पता लगाते घूम रहे कि बुकिंग के बाद कब मिलेगी गैस

होने से अव्यवस्था का माहौल है। उपभोक्ताओं के बीच कहासुनी और धक्का-मुक्की की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो जाती है। इसी बीच, गैस की अनिश्चित उपलब्धता के चलते लोगों का रुझान अब तेजी से इंडक्शन चूल्हों की ओर बढ़ रहा है। शहर के इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में इंडक्शन चूल्हों (इंडक्शन कुकटाप टच पैनल) की बिक्री में अचानक उछाल देखा जा रहा है। कई परिवार इसे एक सुरक्षित और सुविधाजनक विकल्प के रूप में अपनाने लगे हैं कि गैस पर निर्भरता कम की जा सके।

### कई गुना बढ़ी है इंडक्शन चूल्हों की मांग



- स्थानीय दुकानदार अभिषेक मिश्रा बताते हैं कि पिछले कुछ दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग कई गुना बढ़ गई है। पहले जहां लोग इसे एक विकल्प के रूप में देखते थे, अब इसे जरूरत के तौर पर खरीद रहे हैं। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस के लिए घंटों लाइन में खड़े रहने से बेहतर है कि वे ऐसे साधन अपनाएं, जिससे समय की बचत हो और परेशानी भी कम हो।

### पहले की तुलना में हो रही देरी : विनोद



- इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानदार विनोद केशरवानी के अनुसार, गैस की सप्लाई पूरी तरह बंद नहीं है, बल्कि पहले की तुलना में थोड़ी देरी हो रही है। उनके मुताबिक, अफवाहों और असमंजस के कारण लोग ज्यादा घबरा रहे हैं, जिससे एजेंसियों पर अचानक भीड़ बढ़ गई है। इसीलिए लोग इंडक्शन का उपयोग करना शुरू कर दिया है। ऐसे में बाजार में मांग बढ़ गई है। कंपनियों ने रेट बढ़ा दिए हैं लेकिन जिनके पास स्टॉक है, वे उसी रेट में दे रहे हैं।

## पाठा के 61 गांवों में हो रही नियमित जलापूर्ति

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि पाठा क्षेत्र में कुल 78 ग्राम पंचायतों मे से 61 ग्राम पंचायतों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। इसमें से 46 ग्रामों के प्रधानों ने हर घर जल प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराया है। 882 किलोमीटर पाइप लाइन से एवं 28 ओवर टैंकों से विभिन्न ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति की जा रही है।

उन्होंने बताया कि लगभग 20 हजार घरों को कनेक्शन दिए जाने थे, जिसमें 18 हजार कनेक्शन दे दिए गए हैं। 1,56,732 ग्रामीणों को लाभांन्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल तक इस योजना को पूरी कराकर पूरे पाठा क्षेत्र में जलापूर्ति करा दी जाएगी।

# फिर चला बुलडोजर, लोगों ने जताई नाराजगी

## प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण के लिये बताया आवश्यक, लोगों कार्रवाई की निष्पक्षता पर उठाये सवाल

संवाददाता, मऊ चित्रकूट


दुकानें जमीदोज करती जेसीबी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पंचायत मऊ में सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासन ने एक बार फिर अतिक्रमणरोधी अभियान चलाया। जहां एक ओर प्रशासन इसे जनहित में जरूरी बता रहा है, वहीं स्थानीय नागरिकों और अधिवक्ताओं ने कार्रवाई की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

एसडीएम रामऋषि रमन ने कहा कि यह कार्रवाई नगर के बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र को आए दिन लगने वाले भीषण जाम से निजात दिलाने के लिए की जा रही है। एसडीएम ने कहा कि पीडब्ल्यूडी की सड़क को मानक के अनुरूप चौड़ा किया जा रहा है और दोनों ओर नए नालों का निर्माण होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस भेदभावपूर्ण कार्रवाई से छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। एक तरफ प्रशासन विकास और जाम मुक्ति का हवाला दे रहा है, तो दूसरी तरफ स्थानीय लोग इसे एकतरफा कार्रवाई की बात कह रहे हैं।

दुकानदार आनंदी प्रसाद ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि पिछले कई दिनों से उनके घर की बिजली काट दी गई है, मीटर हटा दिए गए हैं और पानी की सप्लाई बंद कर दी गई। ढाई बिस्वा की रजिस्ट्री 1959 की है। आरोप लगाया कि सात मीटर सड़क बननी है मौके में दस मीटर की जगह है। जबरदस्ती गिराया जा रहा है। आनंदी प्रसाद ने मांग की है कि उनकी जमीन की नाप करवा दी जाएं जो अधिक हो, उसे गिरा दें। इस दौरान मऊ एसडीएम, तहसीलदार रामसुधार, मऊ सीओ फहद अली, थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह, एसआई इमरान खां, सदर लेखपाल संगम लाल सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, कर्मचारी एवं नगर पंचायत की टीम मौजूद रही।

### पीडब्लूडी की दीवार बचाने की कोशिश : अमिताभ



अधिवक्ता अमिताभ त्रिपाठी उर्फ बॉबी का कहना है कि सड़क की नाप मध्य बिंदु से दोनों तरफ बराबर होनी चाहिए, जो नहीं की जा रही है। आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी की बाउंड्री वाल को बचाने के लिए प्रशासन दूसरी ओर की दुकानों को गिरा रहा है। यह सरासर पक्षपात हो रहा है।

### रोक के बाद भी गिरा दी गईं दुकानें : कुलदीप



स्थानीय निवासी कुलदीप त्रिपाठी के अनुसार, हाईकोर्ट ने आदेश पारित किया है कि फिलहाल कोई तोड़फोड़ न की जाए। आदेश की प्रति एसडीएम और पीडब्ल्यूडी को भेजी गई है। इसके बाद भी प्रशासन ने बलपूर्वक कार्रवाई की। उनकी उन्हीं दो दुकानों को गिराया गया है जिसको न्यायालय द्वारा कार्रवाई से रोका गया था।

### किसी न्यायालय ने नहीं दिया स्थगनादेश : एसडीएम



एसडीएम रामऋषि रमन ने दावा किया कि किसी भी न्यायालय द्वारा इस कार्य पर कोई स्थगन आदेश नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों को पर्याप्त समय और नोटिस दिया गया था लेकिन किसी ने भी वैध दस्तावेज पेश नहीं किए।


साथी अधिवक्ताओं के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष सूरजपाल जाटव। अमृत विचार

## 19 वोटों से जीत कर सूरजपाल बने अध्यक्ष

**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद के चुनाव में सूरजपाल जाटव ने जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भैरव प्रसाद जायसवाल को 19 मतों के अंतर से पराजित किया। अधिवक्ता संघ में कुल 90 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से तीन सदस्य अनुपस्थित रहे। सूरजपाल जाटव ने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे अधिवक्ता समुदाय की जीत है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करेंगे और उनके सम्मान में कोई कमी नहीं आने देंगे।

# विष्णु दत्त ने मूलांत परीक्षा में पाया प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


श्रृंगेरीपीठ के जगद्गुरु से सम्मान पाते विष्णुदत्त द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ऐंचवारा निवासी वैदिक छात्र विष्णुदत्त द्विवेदी ने दक्षिण भारत के सुप्रसिद्ध वैदिक अध्ययन केंद्र धर्मगिरि, तिरुपति में श्री वेदकंटेश्वर वेद-शास्त्र-आगम विद्वत् के अंतर्गत हुई अथर्ववेद मूलांत परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

यह प्रतिष्ठित परीक्षा लगभग सात वर्षों में एक बार आयोजित की जाती है, जिसमें देशभर से एक हजार से अधिक वैदिक विद्यार्थी भाग लेते हैं। विष्णु दत्त द्विवेदी ने प्रारंभिक शिक्षा श्री शोभन सरकार वेद विद्यालय, ऐंचवारा से प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने उज्जैन और मैसूर में भी वैदिक शिक्षा ग्रहण की। वर्तमान में वह आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित श्री वेदकंटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं। इस उपलब्धि पर उन्हें श्रृंगेरी पीठ के जगद्गुरु ने सम्मानित किया। दक्षिण भारत की कई प्रतिष्ठित वैदिक एवं आध्यात्मिक संस्थाओं ने भी उन्हें सम्मान एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए। श्री भागवत मंडल माध्यमिक संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य आनंद राज त्रिपाठी ने कहा कि यह उपलब्धि चित्रकूट जनपद, उत्तर भारत और संपूर्ण सनातन समाज के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। उनकी सफलता अन्य युवाओं को वेद, शास्त्र और सनातन संस्कृति के अध्ययन के लिए प्रेरित करेगी।

# सीडीओ ने की परियोजनाओं की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


समीक्षा बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीडीओ डीपी पाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई। इसमें 50 लाख रुपये से अधिक लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का आकलन किया गया। कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक परियोजना के लिए एक स्पष्ट एक्शन प्लान तैयार किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सुव्यवस्थित कार्ययोजना के बिना परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण करना संभव नहीं है। निर्माण कार्यों में शासन की मंशा के अनुरूप उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने चेतावनी दिए कि यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की शिथिलता या मानक विहीन कार्य पाया गया तो संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कठोर दंडात्मक

- प्रत्येक परियोजना का बनाया जाए स्पष्ट एक्शन प्लान

कार्रवाई की जाएगी। संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यस्थलों का नियमित अंतराल पर स्थलीय निरीक्षण करें कि कार्यों की वास्तविक प्रगति और गुणवत्ता की निगरानी की जा सके।

सीडीओ ने निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उन्हें अविलंब संबंधित विभागों को हैंडओवर किया जाए। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, जल निगम (नगरीय), पर्यटन, यूपी सिडको, राष्ट्रीय निर्माण निगम, वन विभाग, आवास विकास, सीएनडीएस, राज्य सेतु निगम लिमिटेड और लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संस्थाओं के कार्यों की विस्तृत समीक्षा हुई। इस दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**पहाड़ी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र प्रांगण में ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीईओ राजेश कुमार ने की। शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना से किया गया। बीएसए ने प्रधानों से विद्यालय की स्वच्छता एवं शिक्षा में सहयोग का आग्रह किया। ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी ने आश्वासन दिया कि जिन विद्यालयों में काम अधूरे पड़े हैं, उन्हे जल्द पूरा कराया जाएगा। सहायक अध्यापक पांडेयपुरवा मयंक पटेरिया ने निपुण भारत मिशन की जानकारी दी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बाबूपुर कुलदीप सिंह ने विद्यालय विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर शिक्षिका अनुराधा सिंह, प्रियंका वर्मा, अदिता श्रीवास्तव, सुरभि पाण्डेय, विभा सिंह, अंजना श्रीवास्तव ने रंगोली बनाई। संचालन अशोक गुप्ता व आयोजन दीपक पांडेय ने किया। चंद्र प्रकाश द्विवेदी, विजय कुमार शुक्ला, कमलेश कुमार रहे।

**अव्यवस्था** — सरदार वल्लभभाई पटेल पूर्व माध्यमिक विद्यालय का हैंडपंप खराब

# हाईवे किनारे टंकी से पानी पीने को मजबूर बच्चे

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)


विद्यालय से बाहर आकर पानी पीती छात्राएं। अमृत विचार


खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड मानिकपुर के ग्राम पंचायत रैपुरा स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल पूर्व माध्यमिक विद्यालय में करीब छह माह से विद्यालय परिसर का हैंडपंप खराब पड़ा है। विद्यालय में पढ़ने वाले करीब 141 छात्र-छात्राओं को मजबूरन हाईवे के पास रखी टंकी से पानी पीना पड़ रहा है।

सबसे चिंताजनक स्थिति मिड डे मील के समय बनती है, जब बच्चों को पानी पीने के लिए विद्यालय से बाहर निकलकर चित्रकूट–झांसी–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे जाना पड़ता है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के बीच हादसा हो सकता है। विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि हैंडपंप खराब होने की सूचना कई बार ग्राम पंचायत को दी जा चुकी है लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हुई। आरोप है कि ग्राम पंचायत स्तर पर लापरवाही से बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरदार पटेल प्रसार समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप पटेल, समाजसेवी राहुल कुमार पटेल, मुरली मनोहर आदि ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे इस गंभीर समस्या को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए बाध्य होंगे।

### हर स्तर पर शिकायत, असर नहीं

- हैंडपंप की खराबी की हर स्तर पर शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। विद्यालय के शिक्षक राकेश कुमार, निशा सेन, रामप्रकाश पांडेय, सतेंद्र गौतम, पवित्र कुमार त्रिपाठी व कर्मचारी रामभवन पटेल ने प्रशासन से मांग की है कि छात्रों के हित और बढ़ती गर्मी को देखते हुए विद्यालय परिसर में खराब पड़े हैंडपंप की तत्काल मरम्मत कराई जाए या नया हैंडपंप स्थापित कराया जाए।

## जिले से ब्लाक मुख्यालय तक चला सकेंगे निजी वाहन

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत जिला मुख्यालय से ब्लाक मुख्यालयों तक निजी बसें चलाई जा सकेंगी। इसके लिए निजी वाहन चालक 28 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक चित्रकूट डिपो राकेश कुमार पांडेय ने दी। बताया कि प्रदेश की ग्रामीण जनता के लिए परिवहन सुविधाएं और स्वरोजगार के अवसर मुहैया कराने के मद्देनजर योजना लागू की गई है। योजना में लगी बसें 15-28 सीट क्षमता वाली होनी चाहिए। अनुबंध की अवधि 10 वर्ष होगी। रूट का निर्धारण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। परमिट से 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। इससे होने वाली पूरी कमाई वाहन स्वामी की होगी और मार्ग, फेरे एवं समय का निर्धारण भी वही करेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी बस स्टेशन बेड़ी पुलिया में प्रेमलाल सिंह वरिष्ठ लिपिक से की जा सकती है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम ASHISH KUMAR SHUKLA था से बदलकर ASHISH SHUKLA रख लिया है। अब मुझे ASHISH SHUKLA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SANKATA PRASAD SHUKLA ADD-JALSANSTHAN AWAS MOTIJHEEL COLONY AISHBAGH DIST-LUCKNOW-226004 (U.P.)

**सूचना**
मैं मन्तसा बेगम पुत्री अफरोज हुसैन निवासी सलोन जिला रायबरेली ने अपनी शादी आशीष मौर्य निवासी मानिकपुर रोड सलोन के साथ कर ली है। इसीलिए अब मुझे **नेहा मौर्य पत्नी आशीष मौर्य निवासी सलोन** के नाम से जाना पहचाना जाय।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा ड्राइविंग लाइसेंस (LMV) कहीं खो गया है। लाइसेंस न तो किसी को दिया गया और न ही कहीं जमा किया गया है। **व्रिकम कुमार पुत्र शिव बहादुर निवासी – ग्राम व पोस्ट मलके गांव, थाना सरेनी, तहसील लालगंज जिला रायबरेली**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मै SHIV BHAJAN से अपना नाम बदल कर SHIV BHAJAN BHARTI रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वा पहचाना जाए पुत्र RAM TEJ निवासी जफरपुर पोस्ट पुरे शिवदायल गंज गोंडा का रहने वाला हूं।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, मिर्ज़ा शफीक हुसैन के पुत्र का नाम अली अरहान आयु लगभग 10 वर्ष है। वह उसकी माता का नाम सबा ज़हरा है। अली अरहान की माता का नाम भविष्य में सबा ज़हरा ही जाना वह पहचाना जाए। **मिर्ज़ा शफीक हुसैन, 5 यूनिटी अपार्टमेंट 55 जगत नारायण रोड, लखनऊ।**

**सूचना**
मैं **अली अब्बास पुत्र जुल्फेकार हैदर निवासी– ग्राम नगपुर, करीमपुर थाना महसी जलालपुर, अम्बेडकरनगर**, मेरा हाई स्कूल परीक्षा 2019 अनुक्रमांक 1988371 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216606761 यूपी बोर्ड का प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
मैं **मोहम्मद रहबर पुत्र रमजान अली निवासी– मोहल्ला जाफराबाद जलालपुर, अम्बेडकरनगर**, मेरा हाई स्कूल परीक्षा 2005 अनुक्रमांक 1787915 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1055739 यूपी बोर्ड का प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम अश्मिता के सिंह पुत्री अरुण शिखा पत्नी स्व0 अनूप सिंह है, जो कि उसके शैक्षणिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं0–608967204281 में उसका नाम इवान्या सिंह अंकित हो गया है, जो कि गलत है, भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम अश्मिता के सिंह (Asmita K Singh) पुत्री अरुण शिखा के नाम से जाना व पहचाना जाये। एतद्द द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में सभी औपचारिकताये मेरे स्वयं द्वारा पूर्ण की गई है। नि0 – 656 ज, उत्तरी गौतम नगर G.G.I.C पूर्वी गली I.T.I रोड फतेहपुर उ.प्र.

**कार्यालय ग्राम पंचायत बंगरा विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**

पत्रांक : मेमो/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक : 17.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिचाई विभाग एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंगरा में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत बंगरा के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 18.03.2026 से 24.03.2026 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य +टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | ग्रा0पं0 बंगरा में सुरेश के मकान से हरिजन बस्ती तक C.C. रोड निर्माण। | 585680.00 लाख रू0 | 11713.00 रूपये | (500+ 90) रूपये | 3 माह |
| 02 | मनरेगा | ग्रा0पं0 बंगरा में राहुल के मकान से सुखनंदन के बाड़े तक C.C. रोड निर्माण। | 578467.00 लाख रू0 | 11569.00 रूपये | (500+ 90) रूपये | 3 माह |

**अन्य शर्ते–**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी। 3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है। 4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें। 5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी। 6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बंगरा
विकास खण्ड – गोहाण्ड (हमीरपुर)

